Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI No. DLHIN/2012/483
वर्ष 12 । अंक 346
नई दिल्ली, सोमवार, 28 अक्टूबर, 2024
पृष्ठ 12 ₹ मूल्य 3
नगर संस्करण

Established 1865
पायनियर
नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित
www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय 10

घुसपैठ के लिए अमित शाह का टीएमसी सरकार पर निशाना



# यमुना में भरी जहरीली झाग, दिल्ली के नल सूखे पड़े

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी की आधी से ज्यादा आबादी को इस गहरे जल संकट का सामना कर रही है। इसकी मुख्य यमुना में झाग और अमोनिया की मात्रा बढ़ने व ऊपरी गंगा नहर से कच्चे पानी की आपूर्ति में कटौती के कारण हो रहा है। इसके चलते दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और मध्य दिल्ली के कई इलाकों में पानी की भारी किल्लत हो गई है। जलापूर्ति में यह व्यवधान 1 नवंबर तक जारी रहेगा। यमुना में अमोनिया की मात्रा बढ़ने से चंद्रावल, सोनिया विहार और भागीरथी जल उपचार संयंत्रों में अमोनिया की मात्रा जयादा होने के कारण 200-225 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) की कमी आई है। जबकि आधिकारिक तौर पर, केवल सोनिया विहार डब्ल्यूटीपी ही अपनी दैनिक क्षमता 140 एमजीडी से 15 प्रतिशत कम पर काम कर रहा है। डीजेबी की कुल औसत जल उत्पादन क्षमता 990-1,000 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) है, जिसमें ट्यूबवेल से होने वाला उत्पादन भी शामिल है।



यमुना में जहरीला झाग जमा होने के कारण सोनिया विहार जल उपचार संयंत्र को बंद करना पड़ा है, जिससे दक्षिण, उत्तर और पूर्वी दिल्ली और नई दिल्ली के लुटियंस क्षेत्रों में पीने के पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। जिससे जोर बाग, लोधी कॉलोनी, गोल्फ लिंक्स, पंडारा रोड, हाईकोर्ट और उसके आसपास, पूर्व और पश्चिम किदवई नगर, तुगलक क्रिसेंट, रविंदर नगर, खान मार्केट, लोधी एस्टेट, अकबर रोड, अमृता शेरगिल मार्ग, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम रोड, पृथ्वी राज रोड और तीस जनवरी रोड शामिल हैं। अमोनिया का उच्च स्तर, 1.5 पीपीएम (पार्ट्स प्रति मिलियन) से अधिक, एक बड़ी उपचार चुनौती पेश करता है, जिससे परिचालन क्षमता में 30 प्रतिशत तक की कमी आती है। यमुना में बढ़ता अमोनिया स्तर दिल्ली वालों के लिए एक समस्या रही है आम तौर पर भागीरथी और सोनिया विहार जल संयंत्र, जिनकी संयुक्त क्षमता 250 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) है। सोनिया विहार से 140 एमजीडी और भागीरथी से 110 एमजीडी पानी गंगा से लेते हैं। हालांकि, उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग और उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा किए जा रहे वार्षिक रखरखाव और मरम्मत कार्यों के कारण, 21 अक्टूबर से गंगा जल की आपूर्ति रोक दी गई है। इसके बाद, इन डब्ल्यूटीपी को गंगा जल की आपूर्ति रोक दी गई है।

यमुना नदी के कच्चे पानी में उच्च अमोनिया 1.5 पीपीएम से ऊपर होने के कारण, यमुना के कच्चे पानी को उपचारित करना मुश्किल है। इसलिए, भागीरथी और सोनिया विहार में उत्पादन क्षमता के 30 प्रतिशत तक कम कर दिया गया है। इसके अलावा, उत्पादन पूरी तरह से यमुना नदी के कच्चे पानी की गुणवत्ता पर निर्भर करेगा हर साल दिसंबर और मार्च के बीच, ट्रीटमेंट प्लांट को कई बार या तो बंद करना पड़ता है या कम क्षमता पर काम करना पड़ता है, क्योंकि सिस्टम केवल 1 पार्ट प्रति मिलियन (पीपीएम) तक अमोनिया का उपचार सकता है। हालांकि, अमोनिया का स्तर 5 पीपीएम तक बढ़ गया है, जिसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय राजधानी के प्रमुख जल संयंत्रों के लिए चुनौती बन गई है, जो दक्षिण दिल्ली के कई हिस्सों में पानी की आपूर्ति करता है। दिल्ली जल बोर्ड के मुताबिक, पूर्वी दिल्ली, उत्तर पूर्वी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली का कुछ हिस्सा और एनडीएमसी क्षेत्र का कुछ हिस्सा, जैसे गोकुलपुरी, सोनिया विहार, करावल नगर, बाबरपुर, ताहिरपुर, दिलशाद गार्डन, नंदनगरी, शाहदरा, लक्ष्मी नगर, गीता कॉलोनी, मयूर विहार, कोंडली, दल्लूपुरा, यमुना विहार, करावल नगर, जाफराबाद, झिलमिल, मंडावली, लक्ष्मी नगर, शकरपुर, विवेक विहार, में (शेष पृष्ठ 9)

# पीएम मोदी ने डिजिटल अरेस्ट पर लोगों को किया जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में हर युग में नई चुनौती आई है, लेकिन हमने उसे पार पाया है। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए इससे बचने के लिए रविवार को देशवासियों से रुको, सोचो और एक्शन लो का मंत्र दिया और इस बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा जांच एजेंसियां ??इस समस्या से निपटने के लिए राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही हैं, लेकिन इस अपराध से खुद को बचाने के लिए जागरूकता जरूरी है। उन्होंने कह, डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई चीज नहीं हैं।

मन की बात के प्रसारण के दौरान, पीएम मोदी ने डिजिटल गिरफ्तारी के साइबर अपराध को उजागर करने के लिए एक पीड़ित और एक जालसाज के बीच बातचीत भी साझा की। डिजिटल गिरफ्तारी फोन कॉल के जालसाज, कभी पुलिस, सीबीआई, नारकोटिक्स, आरबीआई जैसे विभिन्न संस्थाओं का उपयोग करके, बहुत आत्मविश्वास के साथ नकली अधिकारी के रूप में बात करते हैं। मन की बात के कई श्रोताओं ने इच्छा व्यक्त की है कि हमें इस पर चर्चा करनी चाहिए, तो उन्होंने विस्तार से बताया कि इस प्रकार के फरेब करने वाले गिरोह कैसे काम करते हैं और कैसे खतरनाक खेल खेलते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार होने वालों में हर वर्ग और हर उम्र के लोग हैं और वे डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपए गंवा देते हैं। इस तरह का कोई कॉल आए तो आपको डरना नहीं है। आपको पता होना चाहिए कि कोई भी जांच एजेंसी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह पूछताछ कभी नहीं करती। उन्होंने इससे बचने के लिए देशवासियों से रुको, सोचो और एक्शन लो का मंत्र साझा किया।

मोदी ने कहा, ऐसे मामलों में घबराएं नहीं। शांत रहें। जल्दबाजी में कोई कदम ना उठाएं। किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी ना दें। संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें। कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसी धमकी नहीं देती और न ही पूछताछ करती है और न वीडियो कॉल पर ऐसे पैसे की मांग करती है। उन्होंने कहा, अगर डर लगे तो समझिए कुछ गड़बड़ है। प्रधानमंत्री ने लोगों से ऐसे मामलों में राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर डायल करने और साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर रिपोर्ट करने के अलावा परिवार और पुलिस को सूचना देने की अपील की। (शेष पृष्ठ 9)

# बांद्रा टर्मिनस पर मची भगदड़, 10 लोग घायल

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई

**पश्चिम रेलवे** के बांद्रा टर्मिनस पर रविवार तड़के उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दिवाली और छठ पूजा मनाने के लिए अपने गृहनगर जाने को लेकर अनारक्षित कोच में बड़ी संख्या में यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करने लगे। इससे प्लेटफार्म पर भगदड़ मचने से 10 यात्री घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर है। यह घटना देर रात करीब 2:45 बजे हुई, जब ट्रेन नंबर 22921 बांद्रा-गोरखपुर अंत्योदय एक्सप्रेस धीरे-धीरे यार्ड से गोरखपुर जाने के लिए प्लेटफार्म नंबर 1 पर आ रही थी। बड़ी संख्या में यात्री अनारक्षित डिब्बों में से एक में चढ़ने लगे जिससे वहां अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई।



बांद्रा रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ के बाद यात्रियों की सहायता को पहुंची पुलिस और स्वास्थ्यकर्मी

पश्चिम रेलवे ने एक बयान में कहा, 27 अक्टूबर 2024 को देर रात 2.45 बजे, ट्रेन नंबर 22921 अंत्योदय एक्सप्रेस बीडीटीएस यार्ड से धीरे-धीरे प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर आ रही थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म पर मौजूद कुछ यात्रियों ने चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करने लगे इस दौरान 2 यात्री गिरने से घायल हो गए जबकि भगदड़ से 8 अन्य घायल हो गए। यात्री नूर शेख मोहम्मद (18 साल) और इंद्रजीत साहनी (19 साल) गंभीर से घायल हुए। उन्हें पहले पास के भाभा अस्पताल ले जाया गया। बाद में उन्हें बृहंमुंबई नगर निगम (बीएमसी) द्वारा संचालित केईएम अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। बीएमसी के आपदा नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों घायलों के शरीर में कई चोटें आई हैं। नूर मोहम्मद ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। उनकी हालत गंभीर है। अधिकारियों ने शेष आठ घायल यात्रियों की पहचान शब्बीर अब्दुल रहमान (40 साल), परमेश्वर सुखदार गुप्ता (28 साल), संजय तिलकराम कांगये (27 साल), दिव्यांशु योगेंद्र यादव (18 साल), मोहम्मद शरीफ शेख (25 साल) और समीर शेख (22 साल) के रूप में हुई है। इनमें से पांच का भाभा अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि तीन को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

भगदड़ से चंद मिनट पहले शूट किए गए 51 सेकंड के वीडियो क्लिप में बांद्रा रेलवे प्लेटफॉर्म पर प्लेटफॉर्म नंबर एक पर ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों की भारी भीड़ दिखाई दे रही थी। जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म पर आ रही थी, यात्री एक अनारक्षित डिब्बे में चढ़ने के लिए एक-दूसरे से धक्का-मुक्की करने लगे। इसके बाद भगदड़ मच गई। सोशल मीडिया पर वायरल कुछ वीडियो में लोगों को इधर-उधर भागते और चिल्लाते हुए देखा जा सकता है। एक वीडियो में एक व्यक्ति के घाव से खून बह रहा था, जबकि एक अन्य घायल यात्री उसके बगल में पड़ा था। एक वीडियो में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक कांस्टेबल को एक घायल यात्री को अपने कंधे पर ले जाते हुए दिखाया गया, जबकि एक अन्य कर्मी को एक यात्री को कपड़े के अस्थायी स्ट्रेचर में अस्पताल ले जाते हुए देखा गया। सभी 10 घायल लोगों को शुरू में पास के भाभा अस्पताल ले जाया गया, जहां से दो गंभीर रूप से घायल युवकों को केईएम अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। जब यह हादसा हुआ, तब बांद्रा रेलवे स्टेशन पर दिवाली से पहले भारी भीड़ थी। नौकरी की तलाश में मुंबई आए प्रवासी हर साल दिवाली और छठ से पहले ट्रेनों से उत्तर प्रदेश और बिहार स्थिति अपने पैतृक घरों के लिए जाते हैं। एक बयान में पश्चिमी रेलवे ने कहा कि दिवाली और छठ त्योहारों (शेष पृष्ठ 9)

# 350 से अधिक बम की धमकियां, केवल दो गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश भर** के व्यसायिक विमानों और महत्वपूर्ण होटलों को निशाना बनाकर लगातार बम धमकियों से काफ़ी वित्तीय नुकसान के साथ आम जनता को देरी का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में रविवार को भी अकासा एयर, इंडिगो और विस्तारा की कम से कम 50 विमानों को को बम रखे जाने या उनमें विस्फोट करने धमकियां मिली हैं। इस बीच, कुल 35 होटलों और एक मंदिर को भी बम की धमकी वाले संदेश मिले, जिनमें लखनऊ के 10 महत्वपूर्ण होटल, राजकोट के 10 होटल, कोलकाता के 10 और तिरुपति के कई होटल और एक मंदिर शामिल हैं। पिछले 14 दिनों में अब तक 350 से ज्यादा फ्लाइट को बम धमकियां मिली हैं। मामले में अब तक केवल दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



फाइल चित्र

कुछ मामलों में, धमकियां उन फ़्लाइट को दी गईं जो पहले ही दिन के लिए संचालित हो चुकी थीं या जिनका संचालन निर्धारित नहीं था। इसके अलावा, चार राज्यों-पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, गुजरात और आंध्र प्रदेश के दर्जनों महत्वपूर्ण होटलों को भी पिछले तीन दिनों में धमकी भरे संदेश मिले हैं, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सघन तलाशी अभियान चलाने के साथ सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की है। इनमें से अधिकांश धमकियां सोशल मीडिया के ज़रिए दी गईं।

एयरलाइनों को फर्जी धमकियों के बढ़ते चलन को देखते हुए, सरकार इन फर्जी धमकियों को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों, कानून व्यवस्था संचालित करने वाली इकाइयों के साथ खुफिया ब्यूरो की मदद ले रही है। खुफिया सूत्रों ने बताया कि त्यौहारी सीजन के दौरान विमानन सेक्टर और होटल व अन्य सेवा क्षेत्रों के जरिए अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। इस बीच, इन फर्जी कॉल संदेशों के कारण एयरलाइंस और यात्री अनिश्चितता की स्थिति में हैं। सूत्रों के मुताबिक, इंडिगो को 18 और विस्तारा को 17 उड़ानों के लिए धमकियां मिली हैं। अकासा एयर को 15 उड़ानों के लिए धमकियां मिली हैं। धमकियों के बाद इंडिगो की कम से कम दो उड़ानों को डायवर्ट किया गया। इसकी फ्लाइट 6ई 133 (पुणे से जोधपुर) को अहमदाबाद और 6ई 87 (कोझिकोड से दम्मम) को मुंबई डायवर्ट किया गया। इंडिगो के बयान के अनुसार, जिन उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट प्राप्त हुए हैं उनमें 6ई 11 (दिल्ली-इस्तांबुल), 6ई 92 (जेद्दा-मुंबई), 6ई 112 (गोवा-अहमदाबाद) समेत कई विमान हैं।

आकासा एयर ने एक बयान जारी कर पुष्टि की कि उसकी आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम सक्रिय रूप से स्थिति की निगरानी कर रही है और सुरक्षा और नियामक अधिकारियों के संपर्क में है। एक्स पर पोस्ट किए गए अकासा एयर के बयान में कहा गया है, हम स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय में सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं और मौके पर अकासा एयर की टीमें यात्रियों की सुरक्षा और आराम सुनिश्चित करने में सहायता के लिए तैयार हैं। इन धमकियों ने त्योहारी सीजन के बीच हवाई यात्रियों में दहशत पैदा कर दी है। अकासा एयर के मुताबिक, रविवार को बेंगलुरु से गोरखपुर होते हुए दिल्ली जाने वाली फ्लाइट में बम की धमकी की सूचना मिली थी, जो जांच के बाद फर्जी निकली। (शेष पृष्ठ 9)

# अमीरी में पेशेवरों को भी मात दे रहे भिखारी, स्मार्ट फोन से भी हैं लैस

**बिस्वजीत बनर्जी।** लखनऊ

**जिला शहरी** विकास प्राधिकरण (डूडा), नगर निगम और समाज कल्याण विभाग द्वारा हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में चौंकाने वाली बात सामने आई है कि लखनऊ में कई भिखारी कई पेशेवरों से आर्थिक रूप से बेहतर हैं। कुछ के पास तो स्मार्टफोन और पैन कार्ड भी हैं, जो शहर के भिखारियों की आर्थिक स्थिति के बारे में आम धारणा को चुनौती देते हैं। सर्वेक्षण में शहर में कुल 5,312 भिखारी पाए गए, जिनमें ऐसे व्यक्ति भी शामिल हैं जिनकी मासिक आय 80,000-90,000 रुपये तक पहुंच सकती है- खासकर गर्भवती महिलाएं।



यह सर्वेक्षण भिखारियों की पहचान करने और उन्हें सरकारी कल्याण योजनाओं से जोड़ने के व्यापक अभियान का हिस्सा है। अधिकारी उनका विवरण दर्ज कर रहे हैं और उन्हें मुख्यधारा के समाज में शामिल करने में मदद करने के लिए आधार कार्ड के लिए पंजीकृत कर रहे हैं। एकत्र किए गए आंकड़ों से कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। मंडलायुक्त रोशन जैकब के निर्देशन में शुरू किए गए इस सर्वेक्षण का उद्देश्य भिखारियों की पृष्ठभूमि और रहने की स्थिति को समझना है, साथ ही पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करना है। निष्कर्षों से पता चलता है कि इनमें से कई व्यक्ति बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव और बहराइच जैसे आस-पास के जिलों से आते हैं। अपने गांवों में घर होने के बावजूद, कई लोग लखनऊ की सड़कों पर रहना पसंद करते हैं और भीख मांगना अपना जीवन यापन का तरीका अपनाते हैं।

सर्वेक्षण में पाया गया कि महिलाएं, खासकर जो गर्भवती हैं या जिनके साथ छोटे बच्चे हैं, वे भीख मांगकर सबसे ज्यादा कमाती हैं। उनकी दैनिक आय 3,000 रुपये तक पहुंच सकती है, जबकि बुजुर्ग लोग और बच्चे आम तौर पर 900 रुपये से 2,000 रुपये प्रतिदिन कमाते हैं। नकदी के अलावा, इन व्यक्तियों को अक्सर शुभचिंतकों से भोजन, कपड़े और अन्य आवश्यक चीजें मिलती हैं। रिपोर्ट बताती हैं कि कुछ समूह महिलाओं को कई बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, उनका मानना है कि गर्भावस्था जनता से अधिक दान आकर्षित करती है। नतीजतन, कई महिला भिखारियों के आठ या नौ बच्चे होते हैं। इन निष्कर्षों के आधार पर, अधिकारियों का अनुमान है कि प्रति (शेष पृष्ठ 9)

लाइलाज ट्रैफिक जाम पायनियर

# धुएं का गुबार, भीड़, शोर करते हार्न के बीच दीवाली की खरीदारी बनी चुनौती

## त्योहारी सीजन में लाजपत नगर और सरोजिनी नगर में हर दिन आते हैं हजारों लोग

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली

**दिवाली से** पहले कपड़े, उपहार और दूसरी चीजे खरीदने के लिए लोग राष्ट्रीय राजधानी के बाजारों में पहुंच रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा लोकप्रिय बाजार दक्षिण दिल्ली के लाजपत नगर और सरोजिनी नगर हैं। सुबह 11 बजे बाजार खुलते ही बड़ी तादाद में लोग यहाँ पहुँच जाते हैं और रात 9 बजे तक लोगों का आना-जाना लगा रहता है। उनकी कार, मोटरसाइकिल, ऑटो रिक्शा और टैक्सियाँ व्यस्त समय में सड़कों पर वाहनों का बोझ और बढ़ा देती हैं। जिसके चलते बाजारों के आसपास हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। भगदड़ जैसी स्थिति पैदा होने पर स्थिति और भी विकट हो सकती है।

सरोजिनी नगर और लाजपत नगर के बाजारों में त्यौहारों के लिए खरीदारी आने वाले ग्राहकों की भीड़ रहती है। खरीदारों की कार, मोटरसाइकिल और ऑटो जैसे वाहनों के इन बाजारों में आने से पार्किंग की समस्या हो जाती हैं जिससे आवाजाही प्रभावित हो जाती है। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने त्योहारों को देखते हुए और रोहिणी सेक्टर 14 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) पब्लिक स्कूल के पास हुए धमके के मद्देनजर बाजारों समेत संवेदनशील जगहों की सुरक्षा बढ़ा दी है। लाजपत नगर में, यातायात सुचारू नहीं है क्योंकि सड़क के दोनों ओर ग्राहक अपने वाहने पार्क कर देते हैं। जिससे लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है, जबकि बाजार के ठीक बाहर दिल्ली पुलिस का बूथ है और पुलिस ने गश्त भी बढ़ा दी गई है। लोगों को यह भी डर है कि आपात स्थिति में, जाम और वाहनों की आवाजाही के लिए बहुत सीमित जगह के कारण एम्बुलेंस और फायर की गाड़ियां समय पर नहीं पहुंच पाती हैं।



एक दुकानदार ने बताया कि पूरा लाजपत नगर भारी ट्रैफिक का सामना कर रहा है। लोगों ने अपनी कारों और वाहनों को सड़कों पर इधर-उधर पार्क कर दिया है। इससे सकड़ संकरी हो गई हैं। इससे लोगों को आने-जाने के लिए बहुत कम जगह मिलती है। उन्होंने सवाल किया कि दिल्ली पुलिस कोई कार्रवाई क्यों नहीं करती। अगर अगर कोई आपात स्थिति उत्पन्न होती है, फायर व एम्बुलेंस की गाड़ियां कैसे पहुँच पाएगी। इलाके के एक अन्य निवासी ने दावा किया कि इलाके में चुनिंदा प्रतिबंध काम नहीं करते। उन्होंने बाजार के आसपास इस तरह की भीड़भाड़ के लिए यातायात के कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, सभी तरह के वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाना समाधान होना चाहिए, चुनिंदा प्रतिबंध नहीं। लाजपत नगर में रहने वाले एक व्यक्ति के रूप में, वह इस तथ्य की पुष्टि कर सकते है कि यह स्थिति गैर कानूनी पार्किंग और खराब यातायात प्रबंधन से उत्पन्न हुई है। सरोजिनी नगर में भी ऐसी ही स्थिति है, जबकि कई ऑटो-रिक्शा सड़क पर खतरा पैदा करते हैं। विनय नगर में डाकघर के सामने सरोजिनी नगर बाजार में प्रवेश करने वाले ऑटो के कारण यातायात जाम हो जाता है। दिल्ली पुलिस, अगर (शेष पृष्ठ 9)

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 136वीं बोर्ड बैठक में फ्लैट-खरीदारों के हक में बड़ा फैसला

# बिल्डर-बॉयर एग्रीमेंट को रजिस्टर्ड कराना अनिवार्य

- फ्लैट की कुल कीमत का 10 फीसदी भुगतान करने पर ही मिलेगा लाभ



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 136वीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता करते मुख्य सचिव मनोज सिंह व साथ में सीईओ अरूणवीर सिंह व जिलाधिकारी मनीष व अन्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 136वीं बोर्ड बैठक रविवार को हुई। बोर्ड ने फ्लैट-खरीदारों के हक में एक बड़ा फैसला लिया है। अब ग्रेटर नोएडा में फ्लैट-खरीदार की तरफ से 10 फीसदी भुगतान करने पर बिल्डर-बॉयर एग्रीमेंट को रजिस्टर्ड कराना अनिवार्य होगा। इस फैसले से बायर्स के हित सुरक्षित रहेंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन व प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में 136वीं बोर्ड बैठक हुई। जिसमें यमुना प्राधिकरण के सीईओ डा. अरुणवीर सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम., जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, एसीइओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ आशुतोष द्विवेदी, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ प्रेरणा सिंह और एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि बोर्ड बैठक में ग्रेटर नोएडा के फ्लैट-खरीदारों व निवासियों के लिए कई अहम फैसले लिए गए, जिनमें एग्रीमेंट टू सेल को पंजीकृत कराने का फैसला भी शामिल है। फ्लैट बायर्स की तरफ से मांग की जा रही थी कि खरीदार की तरफ से 10 फीसदी भुगतान करने पर बिल्डर और बायर के बीच होने वाले एग्रीमेंट को रजिस्टर्ड (एग्रीमेंट टू सेल) कराने की अनुमति प्रदान की जाए, ताकि बायर्स के पास एक लीगल डॉक्यूमेंट हो सके।

एग्रीमेंट टू सेल के समय ही खरीदार को स्टांप ड्यूटी का पूरा भुगतान करना होगा। बाद में फ्लैट पर पजेशन मिलते ही 100 रुपये के स्टांप पर रजिस्ट्री हो जाएगी। लीगल डॉक्यूमेंट होने की वजह से बिल्डर किसी प्रकार की ग ?ब ?ी भी नहीं कर पाएगा। साथ ही रजिस्ट्री विभाग को स्टांप ड्यूटी भी समय से मिल जाएगी। अभी तक फ्लैट की कुल कीमत का भुगतान होने पर ही रजिस्ट्री हो पाती है। वहीं अमिताभ कांत समिति के सिफारिशों के आधार पर रियल एस्टेट के लिगेसी प्रोजेक्ट्स की अ ?चनों को हल करने के लिए लाई गई पॉलिसी व पैकेज का अब तक 73 बिल्डर परियोजनाओं को लाभ मिला है। उनको पूरा कर खरीदारों को उनका आशियाना देने का रास्ता साफ हुआ है। इन 73 परियोजनाओं में शामिल लगभग 62912 फ्लैटों में से अब तक 30477 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो चुकी है।

ग्रेटर नोएडा के कुल 98 प्रोजेक्ट्स हैं जो कि अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों पर तैयार पॉलिसी के दायरे में आते हैं। इनमें से 73 परियोजनाओं के लिए 25 फीसदी धनराशि (पूर्ण व आंशिक मिलाकर) जमा कराई गई, जिससे प्राधिकरण को लगभग 547 करो ? की बकाया धनराशि प्राप्त हुई है और एक वर्ष में लगभग 1300 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त होने की संभावना है। इन परियोजनाओं में 62912 फ्लैट हैं, जिनमें से 38661 के लिए कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र जारी किया गया है। इसमें से 30477 फ्लैटों की रजिस्ट्री अब तक हो चुकी है। फरवरी से अब तक 8100 से अधिक फ्लैटों की रजिस्ट्री हुई है। शेष यूनिट्स के लिए कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र जारी किया जाना है। मार्च 2025 तक इनकी रजिस्ट्री कराने का लक्ष्य है। इसके साथ ही जिन 7 बिल्डरों ने 60 दिन के बाद 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराई है, उनको भी बोर्ड ने अनुमति दे दी है।

उन्होंने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने सीनियर सिटीजन सोसाइटी में घर खरीदने वाले मूल आवंटी के अलावा सबसीक्वेंट मेंबर्स को भी ब ?ी राहत दे दी है। अब ऐसे खरीदारों के नाम भी फ्लैट की रजिस्ट्री हो सकेगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने इस आशय के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी है। इस सोसाइटी में कुल 845 फ्लैट हैं, जिनमें से 190 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो चुकी है।

प्राधिकरण की तरफ से सोसाइटी परिसर में ही शिविर लगाकर रजिस्ट्री की जा रही है। बता दें कि सीनियर सिटीजन सोसाइटी के नाम ग्रेटर नोएडा के पी-4, बिल्डर्स एरिया में 1997 में भूखंड दिया गया। विवादों के चलते 27 वर्षों तक इसकी कार्यपूर्ति न हो पाने के कारण इसके सदस्यों के पक्ष में लीज डीड नहीं हो पाई। इस प्रकरण मुख्यमंत्री के संज्ञान में आने के बाद और प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह व सीईओ एनजी रवि कुमार के प्रयास से विगत मार्च 2024 से इसकी रजिस्ट्री प्रारंभ हो सकी। उन्होंने बताया कि जल विभाग की तरफ से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड को गंगाजल की ताजा स्थिति से भी अवगत कराया गया, जिसके अनुसार 85 क्यूसेक गंगाजल परियोजना के अंतर्गत 58 आवासीय सेक्टरों में से अब तक 50 सेक्टरों में गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। इस साल के अंत तक सभी 58 सेक्टरों में गंगाजल की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। वहीं, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में भी गंगाजल पहुंचाने की योजना पर काम शुरू हो गया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में तीन रिजर्वायर और ग्रेटर नोएडा ईस्ट में एक रिजर्वायर बनाने के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। टेंडर स्वीकृत होने के बाद रिजर्वायर बनाने का काम चल रहा है।

इस साल के अंत तक ये रिजर्वायर बन जाने की उम्मीद है। इसके अलावा नोएडा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व यमुना प्राधिकरण में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की पॉलिसी एक समान होगी। तीनों प्राधिकरणों की तरफ से सार्क एंड एसोसिएट्स को इस कार्य की जिम्मदारी सौंपी गई थी। इससे पहले एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर) तैयार करने के लिए तीनों प्राधिकरणों की एक समिति बनाई गई, जिसकी बैठक में तीनों प्राधिकरणों के वित्त नियंत्रक एवं महाप्रबंधक की बैठक हुई, जिसके आधार पर आवंटन की अर्हता, लीज रेंट व अन्य प्रक्रियाओं के संबंध में एकरूपता लाने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने मंजूरी दे दी है।

# नया शहर बसाने के लिए गठित होगा डेडिकेटेड सेल, सलाहकार नियुक्त

- पहले फेज में 3 हजार हेक्टेयर होगा विकसित, 6 लाख की आबादी


प्रतिकात्मक फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दादरी नोएडा गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन (डीएनजीआईआर) न्यू नोएडा के मास्टर प्लान 2041 को शासन से मंजूरी मिल चुकी है। प्राधिकरण के बोर्ड मैंबर ने जमीन अधिग्रहण करने के निर्देश दिए है। ये पूरा नया शहर बसाया जाना है।

इसके लिए एक डेडीकेटेड सेल गठित किया जाएगा। ये सेल पहले फेज के तहत भूमि अधिग्रहण के लिए प्रस्ताव तैयार करेगा। इसके लिए एक आफिस खोला जाएगा। यानी नोएडा प्राधिकरण के समानांतर यहां एक अथॉरिटी काम करेगी। पहले फेज में प्लानिंग के तहत काम किया जाएगा। जिसके लिए वास्तुविद लीलू सहगल को सहलाहकार नियुक्त किया है। लीलू सहगल नोएडा में महाप्रबंधक नियोजन, ग्रेटरनोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण के अलावा दिल्ली विकास प्राधिकरण में कमिश्नर प्लानिंग के तौर पर काम कर चुकी है। इनके निर्देशन पर ही नए शहर को मास्टर प्लान 2041 के अनुसार बसाया जाएगा।

न्यू नोएडा 209.11 वर्ग किमी में यानी 20 हजार 911.29 हेक्टेयर में बसाया जाएगा। इसके लिए 84 गांवों की जमीन अधिगृहीत की जाएगी। जिसे नोटिफाई किया जा चुका है। इस मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा।

2023-27 तक 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है।

209 वर्ग किमी में न्यू नोएडा को बसाया जाना है। डीएनजीआईआर मास्टर प्लान 2041 में 40 प्रतिशत भू उपयोग औद्योगिक , 13 प्रतिशत आवासीय और ग्रीन एरिया व रीक्रिएशन एक्टिविटी के लिए 18 प्रतिशत प्रावधान किया गया है। डीएनजीआईआर को गौतमबुद्ध नगर के 20 और बुलंदशहर के 60 गांवों को मिलाकर बनाया गया है।

इस शहर की आबादी 6 लाख के आसपास होगी। सुविधाओं के साथ यह विकास की नई कहानी लिखेगा।

### गठन के बाद ऐसे करेगा काम

- मास्टर प्लान के अनुसार काम करने के लिए डेडीकेटेड सैल गठित किया जाएगा।
- मास्टर प्लान के अनुसार फर्स्ट फेज के जमीन अधिग्रहण के लिए प्रस्ताव तैयार करेगा।
- डीएनजीआईआर क्षेत्र के दैनिक आय / व्यय के लि एक बैंक खाता खोला जाएगा।
- फर्स्ट फेज के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को चिह्नित किया जाएगा।
- परियोजना तैयार करने उनके क्रियान्वयन के लिए जमीन को असेंबल कर मॉडल तैयार किया जाएगा।
- भवन विनियमावली तैयार किया जाएगी।
- विकास और निर्माण कार्यों की अनुमति दी जाएगी।
- पर्याप्त स्टॉफ की आवश्यकता होगी जिनकी नियुक्ति की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस उपायुक्त, ट्रांस हिंडन जोन व सहायक पुलिस आयुक्त, इन्दिरापुरम व साईबर थाना प्रभारी द्वारा साइबर सुरक्षा जागरुकता अभियान के अन्तर्गत थाना कौशाम्बी क्षेत्रान्तर्गत पंचमढ़ी अपार्टमेंट सोसाइटी में आयोजित कार्यशाला में साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक किया गया।

### चलती कार में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में हापुड़ मार्ग पर गांव खंजरपुर गेट के सामने देर रात चलती कर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई। दमकल की गाड़ी ने 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। नई दिल्ली के सरस्वती विहार के पीतमपुरा निवासी विनय कुमार परिवार सहित रहते हैं। विनय कुमार अपनी ब्रेजा कर से दिल्ली से मेरठ किसी काम के लिए आए थे। जब वह मोदीनगर हापुड़ मार्ग पर गांव खंजरपुर गेट के सामने पहुंचे तो अचानक उनकी कार के पीछे से धुआं उठाना शुरू हो गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और ऊंची-ऊंची लपटे उठने लगी। आग की ऊंची-ऊंची लपटें देखकर चालक विनय कुमार में कार से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग और डायल 112 पर दी। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी ने एक घंटे के बाद आग पर काबू पाया। एफएसओ मोदीनगर अमित कुमार ने बताया कि हादसे का आग लगने की सूचना पर दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची थी। 1 घंटे के अंदर आग पर काबू पाया गया। शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगने के बाद सामने आ रही है।

### जल निगम के पाइपों में लगी आग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के देहात जोन के वेव सिटी थाना क्षेत्र में डासना स्टैंड के पास रखे जल निगम के पाइपों में अचानक आग लग गई। प्लास्टिक के पाइप होने के चलते आग ने थोड़ी ही देर में ही विकराल रूप धारण कर लिया। लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर आग बुझाने का प्रयास कर रही है। बताया जा रहा है कि इलाके में पानी की पाइपलाइन डालने के लिए यह पाइप रखे हुए थे। थाना प्रभारी वेव सिटी अंकित चौहान ने बताया कि देहात जोन के थाना वेव सिटी के डासना स्टैंड के पास देव हाइट के गेट पर जल निगम के प्लास्टिक के पाइप रखे हुए थे। दरअसल जल निगम यहां पाइपलाइन डाल रहा है जिसको लेकर यह पाइप यहां रखे गए थे। रविवार को अचानक से इन पाइपों में आग लग गई। आग ने जल्द ही विकराल रूप धारण कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कानून व्यवस्था संभाली तो वहीं दमकल विभाग को सूचना देकर फायर टेंडर मंगाई। तीन फायर टेंडर आग बुझाने में लगे हुए हैं। आग के चलते चारों तरफ धुंआ ही धुंआ है। यह पाइप जल निगम ने पाइपलाइन डालने के लिए रखे थे। आग किन कारणों से लगी इसकी जांच की जा रही है।

### चोरी करने लग्जरी कार से आए चोर

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम के वसुंधरा सेक्टर 1 में ऑटो सेंस कार केयर पर चोर आए। उस दौरान सेंटर पर एक 90 लाख की कार और एक चार लाख की बाइक खड़ी थी। चोरों ने अंदर घुसने की कोशिश की लेकिन वह ताला नहीं तोड़ पाए। उन्होंने फांदने की भी कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। इसका सीसीटीवी भी सामने आया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। तुषार गुप्ता ने बताया कि उनका थाना इंदिरापुरम के सेक्टर वन में ऑटो सेंस कार केयर सेंटर है। 27 तारीख की तड़के सुबह 4 बजे के आसपास एक लग्जरी कार में चोर आए और उन्होंने सेंटर के ताले तोड़ने की कोशिश की। उसमें नाकाम होने पर उन्होंने फांद कर अंदर जाने का प्रयास भी किया। लेकिन वह इसमें भी नाकामयाब रहे। तुषार के मुताबिक उनके यहां महंगी कार और बाइक में डिटेनिंग का काम किया जाता है। जिस दौरान चोरों ने चोरी की कोशिश की।

# अधिकारियों के बल पर भाजपा लड़ती है चुनावः अखिलेश

- नोएडा पहुंचे सपा सुप्रीमो

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो किसी भी हद तक गिर सकती है। अपने लाभ लिए भाजपा किसी भी सीमा के नीचे जा सकती है।

अखिलेश यादव नोएडा के सेक्टर 40 स्थित समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे प्रदीप कपूर के आवास पर उनको श्रद्धांजलि देने पहुंचे थेद्य अखिलेश यादव ने इस दौरान मीडिया से भी बातचीत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है, जो अपने कार्यकर्ताओं के भरोसे नहीं




बल्कि पुलिस और प्रशासन की अधिकारियों के सहारे चुनाव लड़ती है। जो पार्टी कार्यकर्ताओं के बजाय अधिकारियों को भरोसे चुनाव लड़े, उस पार्टी की हार निश्चित है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में हो रहे उपचुनाव में समाजवादी पार्टी सभी सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ रही है तथा जीत हासिल करेगी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता, जिला अध्यक्ष सपा के प्रदेश सचिव सुनील चौधरी समेत कई पदाधिकारी हुआ कार्यकर्ता मौजूद थे द्य अखिलेश यादव के नोएडा पहुंचने पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में अलग तरह का उत्साह देखने को मिला।

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव सपा के संस्थापक सदस्य की श्रद्धांजलि सभा में नोएडा पहुंचे थे। प्रदीप कपूर की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया था। 23 सितंबर को उनका निधन हुआ था। उनके निधन के बाद अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी संवेदनाएं प्रकट की थीं। मौका कैसा भी हो लेकिन अखिलेश यादव भाजपा पर निशाना साधना नहीं छोड़ते हैं। आज भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां उन्होंने उपचुनावों को लेकर भाजपा पर निशाना साधा।

# निकाह के तुरंत बाद दुल्हे से दिलाया तलाक, दहेज मांगने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

साहिबाबाद में तीन तलाक का मामला सामने आया है। दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर लड़की के घरवाले नाराज हो गए।

निकाह के थोड़ी देर बाद दूल्हे से तलाक दिला दिया। इस दौरान नोकझोंक भी हुई। इसका वीडियो भी सामने आया है। कुरैशी मोहल्ले की रहने वाली युवती का निकाह गाजियाबाद के कैला भट्टा के रहने वाले फरमान से हुआ था। फरहान तय तारीख पर समय पर बारात लेकर निकाह करने पहुंचा। युवती के घरवालों ने बताया कि निकाह के समय अचानक से दूल्हे की ओर से दहेज में कार की मांगी गई।

जब हमने असमर्थता जताई गई तो लड़के के घरवालों अपनी जिद पर अड़े थे। काफी समझाने के बाद भी जब नहीं माने तो किसी तरह से निकाह कराया गया। लेकिन उनके घरवालों का बर्ताव उन्हें अच्छा नहीं लगा। उन्होंने बेटी को विदा करने से मना किया। जिसके बाद पंचायत में फैसला हुआ कि दूल्हे से लड़की को तलाक दिला दिया जाए।

# नोएडा में बीएमडब्ल्यू से उतरी महिला, दुकान से गमले चुराए

- वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सबसे पॉश मार्किट सेक्टर-18 में एक अनोखी चोरी की घटना का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक महिला दिखाई दे रही है, जो रात के समय लग्जरी बीएमडब्ल्यू कार से उतरती है और एक दुकान के बाहर रखे गमले को चुराने लगती है।

यह घटना 25 अक्टूबर की देर रात लगभग 12 बजे की बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि महिला गमला चुराते समय कुछ लोगों की नजरों में आ जाती है, जो उसकी कार के पास आकर खड़े हो जाते हैं। जब इन लोगों ने महिला को टोका, तो उसने जवाब दिया कि वह हर दिन एक गमला ले जाएगी।

यह महिला अब तक दो गमले चुरा चुकी है। हालांकि, इस घटना को लेकर अब तक पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। लेकिन ये वीडियो, सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, और लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। पहले भी वीवीआईपी लोगों द्वारा इस तरह की चोरी सामने आती रही हैं।

# पटाखों पर है प्रतिबंध पर ऑनलाइन हो रही होम डिलीवरी

- बादलपुर इलाके में पुलिस जब्त किए पटाखे, दो धरे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



पटाखों की बिक्री पर पाबंदी के लिए भले ही पुलिस ने बीते कुछ दिनों में कार्रवाई करते हुए करीब डेढ़ करोड़ रुपये की आतिशबाजी बरामद की है, लेकिन बिक्री बंद नहीं हुई है। पटाखों की अब ऑनलाइन बिक्री शुरू हो गई है।

ऑनलाइन ऑर्डर बुक कर फ्री होम डिलीवरी भी की जा रही है। सोशल मीडिया पर वाट्सएप नंबर वायरल कर जानकारी दी जा रही है। एप के जरिए ऑर्डर बुक कर गाजियाबाद समेत पूरे एनसीआर में आपर्ति का दावा किया जा रहा है। कुछ दिनों से वाट्सएप पर पटाखों की बिक्री से जुड़ा एक नंबर वायरल हो रहा है। यह नंबर ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए वायरल किया गया है। पटाखे ही पटाखे के नाम से बनाए गए मैसेज में लोगों को वाट्सएप पर संपर्क करने के लिए एक मोबाइल नंबर दिया जा रहा है। मोबाइल नंबर पर मैसेज करने पर बातचीत शुरू होती है। मोबाइल नंबर पर वाट्सएप मैसेज के जरिए आपूर्तिकर्ता से बातचीत की। आपूर्तिकर्ता ने पटाखों की बिक्री करने की हामी भरने के बाद पूछा कि माल कहां मंगाना है। जब उन्हें क्षेत्र बताया गया तब जवाब आया कि माल पहुंच जाएगा। डिलीवरी चार्ज भी नहीं लिया जाएगा।

इसी बीच वाटसएप पर ही एक लिंक भी भेजा गया। लिंक खोलने पर एक एप खुला जिसमें अग्रवाल फायर वर्क्स के नाम से बने पेज पर ऑर्डर लिए जा रहे हैं। पेज पर 40 रुपये से लेकर 7880 रुपये के पटाखे बिक्री के लिए बुक किए जा रहे हैं। जिस तरह पटाखों का ऑर्डर बुक कर डिलीवरी की जा रही है उससे साफ है कि पुलिस आतिशबाजी की बिक्री पर रोक नहीं लगा पा रही है। अभी वर्तमान में ही हवा की गुणवत्ता बिगड़ चुकी है। यही हाल रहा तो दीवाली पर पटाखों पर पाबंदी हवा हो जाएगी। प्रदूषण की रोकथाम के लिए बीते कुछ वर्षों से पटाखों के उत्पादन, भंडारण और बिक्री पर रोक लगी हुई है। इसके बाद भी बाजार में पटाखों की बिक्री होती है। इस बार ऑनलाइन भी शुरू हो गई है।

# पर्यटन में इजाफा पर औद्योगिक क्षेत्र में आई कमी

## यमुना प्राधिकरण का मास्टर प्लान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कृष्ण नगरी के तौर पर दुनिया में विख्यात मथुरा वृंदावन में पर्यटन के लिए असीम संभावनाएं हैं। हर साल लाखों लोग धार्मिक, आध्यात्मिक यात्रा के लिए मथुरा वृंदावन पहुंचते हैं। करोड़ों रुपये का राजस्व मिलता है। मथुरा में पर्यटन की संभावनाओं को फायदा उठाने के लिए यमुना प्राधिकरण ने हेरिटेज सिटी परियोजना तैयार की है।

पर्यटन गतिविधि का मुख्य केंद्र होगा। इसलिए प्राधिकरण ने अपने फेज दो के मास्टर प्लान 2031 को संशोधित करते हुए पर्यटन के लिए आरक्षित क्षेत्र को दो गुना से अधिक




कर दिया है। औद्योगिक श्रेणी के क्षेत्रफल में तकरीबन पचास प्रतिशत की कटौती की गई है। मथुरा में अपनी तक पर्यटन के लिए प्राचीन मंदिरों के अलावा पौराणिक महत्व से जुड़ी धरोहर ही मौजूद हैं।

दुनिया भर से मथुरा आने वाले पर्यटक मंदिरों व पौराणिक धरोहरों के दर्शन के बाद लौट जाते हैं, इसलिए मथुरा जिले में सेवा सेक्टर का खास विकास नहीं हो पाया है। इन खामियों को दूर करते हुए पर्यटकों को अधिक से अधिक समय तक मथुरा क्षेत्र में रोकने के लिए हेरिटेज सिटी परियोजना तैयार की गई है। एनएच 44 से बांके बिहारी मंदिर तक 14 किमी लंबा मार्ग बनाकर 753 एकड़ में हेरिटेज सिटी विकसित होगा। पर्यटकों को धार्मिक के अतिरिक्त आध्यात्मिक, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, स्थानीय उत्पाद की खरीदारी के अलावा ठहरने के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। पर्यटन को केंद्र में रखकर ही प्राधिकरण ने यह परियोजना की है।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. अरुणवीर सिंह का कहना है कि मथुरा में पर्यटन उद्योग के लिए असीम संभावनाएं हैं, लेकिन उनका ठीक तरह से दोहन नहीं किया गया है। रोजगार सृजन के लिए यह अच्छा जरिया बन सकता है। इसलिए राया अर्बन सेंटर के नियोजन में पर्यटन को मुख्य केंद्र में रखा गया है। उद्योग के सापेक्ष पर्यटन को प्राथमिकता दी गई है। मथुरा पर्यटकों के लिए केंद्र बन सके। अधिक से अधिक समय तक पर्यटक मथुरा में ठहरेंगे तो इसका सीधा फायदा राजस्व बढ़ाने में मिलेगा। फेज दो के संशोधित मास्टर प्लान में पर्यटन से संबंधित संरचनात्मक ढांचा विकसित करने के लिए आरक्षित क्षेत्र में बढ़ाया गया है। पूर्व में पर्यटन के लिए आरक्षित क्षेत्र 731.3 हे. था, जो अर्बन सेंटर के कुल क्षेत्रफल का 7.8 प्रतिशत था। इसे बढ़ाकर 1520.51 हे. किया गया है, यह कुल क्षेत्रफल का 13 प्रतिशत हो गया है। रिवर फ्रंट भी पर्यटन क्षेत्र के विस्तार का ही हिस्सा है। इसे भी 109.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 505.65 हे. किया गया है। उद्योग के लिए आरक्षित क्षेत्रफल में कटौती की गई है।

# जिम करके घर लौटा युवक हार्ट अटैक से गई जान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दनकौर क्षेत्र के बिलासपुर कस्बे में रविवार जिम कर अपने घर लौटे युवक की हार्ट अटैक आने के कारण मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मृतक के स्वजन द्वारा शव का पोस्टमॉर्टम नहीं कराया गया है।

रामपुर माजरा गांव का रहने वाला राहुल कुछ समय से बिलासपुर कस्बा स्थित एक जिम में जाया करता था। रोजाना की तरह रविवार को भी वह जिम कर रहा था कि अचानक उसकी तबीयत खराब होने लगी। इसके बाद किसी तरह वह अपने घर पहुंचा। स्वजन द्वारा राहुल को इलाज के लिए जिम्स अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर नारायण किशोर ने बताया कि हार्ट अटैक कई कारणों से आता है। उन्होंने बताया कि प्रमुख रूप से तले पदार्थ खाने, धूम्रपान करने और अल्कोहल का प्रयोग करने से हार्ट अटैक होने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। साथ ही उन्होंने बताया कि युवाओं में जिम करने का काफी प्रचलन बढ़ गया है।

ज्यादातर युवा अच्छा शरीर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रोटीन आदि का प्रयोग कर रहे हैं। अधिकांश प्रोटीन वाले मिश्रण में स्टेरॉयड की मिलावट होती है, जिसकी अधिक मात्रा के कारण भी हार्ट अटैक आ सकता है। इसके अलावा कोरोना के बाद से युवाओं में इस तरह की गंभीर समस्याएं अधिक देखने को मिल रही हैं।

# दिल्ली में हवा फिर दमघोंटू, एक्यूआई बहुत खराब

## आनंद विहार, अलीपुर, बवाना, जहांगीरपुरी, मुंडका, वजीरपुर, विवेक विहार और सोनिया विहार में हवा जहरीली हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में दो दिन के अंतराल के बाद रविवार को फिर से वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई क्योंकि प्रदूषण के स्तर में सुधार लाने वाली हवा की रफ्तार धीमी हो गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 359 दर्ज किया गया जबकि शनिवार को यह 255 था।

सीपीसीबी ने 40 निगरानी केंद्र में से 36 का आंकड़ा साझा किया, जिसमें से आनंद विहार, अलीपुर, बवाना, जहांगीरपुरी, मुंडका, वजीरपुर, विवेक विहार और सोनिया विहार में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई जबकि शेष 28 में एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में हवा की रफ्तार शून्य किमी प्रति घंटा थी। पिछले दो दिन से अनुकूल हवाओं के कारण राजधानी की वायु गुणवत्ता बहुत खराब से सुधरकर खराब श्रेणी में पहुंच गई थी।

दिल्ली में रविवार तड़के धुंध की मोटी परत छा गई जिससे दृश्यता बहुत कम हो गई। राजधानी में रविवार को न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री अधिक था। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में सुबह आर्द्रता का स्तर 93 प्रतिशत दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने राजधानी में आज आसमान साफ रहने तथा अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई है।

बढ़ते प्रदूषण के साथ दिल्ली एनसीआर में कल देर रात और आज सुबह आसमान में हल्की धुंध की चादर भी दिखाई दी। माना जा रहा है कि दिल्ली एनसीआर में एयर क्वालिटी इंडेक्स में रिकॉर्ड तोड़ बदलाव देखने के बाद ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान का तीसरा चरण लागू हो सकता है। हवा की सुस्त होती रफ्तार, पंजाब हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जल रही पराली, वाहनों और औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला धुआं दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण का मुख्य कारण बताया जा रहा है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी किए गए आंकड़े काफी डराने वाले हैं। दिल्ली के दस इलाकों का एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 पार कर चुका है। जबकि अन्य सभी इलाकों का एक्यूआई 300 पार है। हालात गाजियाबाद की भी बदतर हो रहे हैं। गाजियाबाद की दो इलाकों का एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 पर कर चुका है जबकि अन्य इलाकों का 300 से अधिक है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के भी सभी इलाकों का एयर क्वालिटी इंडेक्स रेड जोन में है।


इंडिया गेट की सड़क पर पानी का छिड़काव करती एनडीएमसी की गाड़ी।

### पराली जलाने के आंकड़े भी चौंकाने वाले

पंजाब और हरियाणा में सबसे अधिक पराली जलाने के मामले सामने आ रहे हैं। प्रणाली के धुएं से दिल्ली एनसीआर गैस का चैंबर बनता जा रहा है। वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2024 में 15 सितंबर से 25 अक्टूबर के बीच पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश में पराली जलाने के मामलों में 2 से 89 प्रतिशत तक की कमी आई है, लेकिन दिल्ली में पराली जलाने के मामले बढ़े हैं। दूसरी ओर डिसीजन सपोर्ट सिस्टम तकनीकी खामी के कारण पराली से दिल्ली-एनसीआर में कितना प्रदूषण हो रहा है, इसका पता नहीं लगा पा रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से सेटेलाइट के जरिए पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और मध्य प्रदेश में 15 सितंबर से 15 नवंबर तक पराली जलाने के मामलों की सेटलाइट के जरिए निगरानी किया जाता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की इस साल 15 सितंबर से 25 अक्टूबर तक की रिपोर्ट के मुताबिक, उपरोक्त राज्यों में कुल 4609 स्थानों पर पराली जलाने के मामले दर्ज किए गए हैं। आईसीएआर के मुताबिक, पंजाब में 1749, हरियाणा में 689, यूपी में 849, दिल्ली में 11, राजस्थान में 442 और मध्यप्रदेश में 869 स्थानों पर पराली जलाई गई। 25 अक्टूबर 2024 की बात करें तो सबसे अधिक पंजाब में 71 स्थानों पर पराली जलाई गई।

# पालिका बाजार में मिला मोबाइल जैमर

- रोहिणी ब्लास्ट और आगामी त्यौहारों को देखते हुए पुलिस ने चलाया है सघन जांच अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने दिवाली से पहले जांच के दौरान राष्ट्रीय राजधानी के पालिका बाजार से एक मोबाइल नेटवर्क जैमर जब्त किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपायुक्त (नई दिल्ली) देवेश कुमार महला ने बताया, हमारी टीमें त्यौहारों की शुरूआत से पहले सभी दुकानों, होटलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों की जांच कर रही हैं। विशेष जांच के दौरान एक टीम को बाजार में एक संदिग्ध वस्तु मिली।

उन्होंने बताया कि मोबाइल नेटवर्क जैमिंग डिवाइस की तरह काम करने वाले इस उपकरण को तुरंत जब्त कर लिया गया। महला ने कहा, हम उपकरण के सत्यापन के लिए सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं। हम स्थानीय लोगों से भी अनुरोध करते हैं कि अगर उन्हें कोई संदिग्ध वस्तु या सामान दिखाई दे तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। बता दें कि हाल ही में कुछ दिनों पहले दिल्ली के रोहिणी इलाके में बम ब्लास्ट हुआ था जिसके बाद से राजधानी में हड़कंप मचा हुआ है। राजधानी दिल्ली में पुलिस सतर्क है यही वजह है कि दिल्ली पुलिस लगातार इलाकों में छानबीन और जांच भी कर रही है. हालांकि कनॉट प्लेस के इलाके में इस तरह का डिवाइस मिलना एक अलग बात है।

दिल्ली पुलिस त्योहारों को लेकर भी पूरी तरह अलर्ट मोड में है। लगातार वो लोगों से भी सतर्क रहने की अपील कर रही है। पुलिस का कहना है कि लोग भी सतर्क रह कर पुलिस का सहयोग करें और दिल्ली को सुरक्षित रखने में अपनी भागीदारी निभाएं।

# पंजाब में पराली जलाने से दिल्ली में प्रदूषण : सचदेवा



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण कंट्रोल पर बिल्कुल भी गम्भीर नही है और खासकर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के लिए प्रदूषण केवल खबरों में बने रहने का विषय है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली वालों के सामने अगले 15 दिन प्रदूषण कम करने के लिए 5 करणीय कार्य रखे पर उनमे से केवल एक पराली जलने पर रोक ही प्रदूषण कम करने में प्रभावी हो सकता है पर दिल्ली सरकार के मंत्री ने उस पर कोई गम्भीर बात नही कही। पंजाब में पराली लगातार जलाई जा रही है और जिसका असर दिल्ली पर है।

# वायु गुणवत्ता में फेल हुई आप सरकार : विजेंद्र गुप्ता



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने कहा है की दिल्ली सरकार शहर में बढ़ते प्रदूषण को रोकने में बुरी तरह से नाकाम हो चुकी है। आप सरकार सिर्फ खोखले वादे करने में व्यस्त है। प्रदूषण की स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि आईटीओ और आनंद विहार के पास वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 361 और 405 दर्ज किया गया है जो कि बहुत खराब और गंभीर श्रेणी में आता है। यह स्थिति स्मॉग की चादर में लिपटी दिल्ली के निवासियों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है, लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार के पास न तो इसे सुधारने की इच्छाशक्ति है और न ही कोई ठोस योजना। मॉडल टाउन की झुग्गी बस्ती में एक जनसभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने ये बात कही। उन्होंने कहा, चाहे राजधानी में बढ़ रहा वायु प्रदूषण हो, यमुना की गंदगी हो, शहर की टूटी सड़कें हों, सभी दिल्ली सरकार की नाकामी की कहानी के अलग अलग किरदार हैं।

# शिकायतों के निवारण को वार्ड समितियों का गठन

- सांसद मनोज तिवारी की पहल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद मनोज तिवारी ने अपने उत्तर-पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में सार्वजनिक शिकायतों का प्रभावी निवारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों को शामिल करते हुए वार्ड समितियों का गठन किया है।

तिवारी ने कहा कि बड़ी संख्या में शिकायतों का समाधान नहीं हो पाता है क्योंकि एक अकेला सांसद प्रतिनिधि शिकायतों के अंबार को संभाल नहीं सकता।

उन्होंने कहा, अक्सर ऐसी शिकायतें आती हैं कि सांसद प्रतिनिधि जनता की शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं और उन्हें सीमित संख्या में लोगों की चिंता रहती है। तिवारी ने कहा कि अब उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के 41 नगरपालिका वार्डों में से प्रत्एक में वार्ड समितियां होंगी जिनमें सांसद प्रतिनिधि सदस्य होंगे। तिवारी ने कहा कि प्रत्एक समिति में 25 सदस्य होंगे जिनमें से 15 बाजार संघों, आवासीय कल्याण संघों, सामाजिक संगठनों और अन्य समुदायों से आने वाले स्थानीय लोग होंगे, जबकि शेष 10 स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता होंगे तिवारी ने कहा, ये समितियां अपने संबंधित वार्डों के लोगों के संपर्क में रहेंगी और नागरिक निकायों, डिस्कॉम, जल बोर्ड और ऐसी अन्य एजेंसियों से संबंधित सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करेंगी। इससे प्रतिक्रिया मेरे कार्यालय तक पहुंचेगी और मैं सभी समस्याओं का प्रभावी निवारण सुनिश्चित करूंगा।

# समानता और शिक्षा पर काम कर रही आप सरकार : केजरीवाल

- बाबा नगर सेन की शोभा यात्रा में शामिल हुए आप प्रमुख

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दक्षिणी दिल्ली में आयोजित विशाल शोभायात्रा में शामिल होकर श्री नगर सेन बाबा का आशीर्वाद लिया।

आप प्रमुख ने इस अवसर पर कहा कि बाबा नगर सेन ने इंसान की समानता और बच्चों की शिक्षा पर सबसे ज्यादा जोर दिया था। हम उन्हीं के रास्ते पर चलकर दिल्ली सरकार चलने की कोशिश कर रहे हैं। हमने दिल्ली के सरकारी स्कूलों को इतना शानदार बना दिया है कि अब अमीर लोग भी अपने बच्चों को प्राइवेट से निकलकर उसमें भर्ती कराने लगे हैं। उन्होंने कहा, आप सरकार ने गरीबों के बच्चों को डॉक्टर इंजीनियर, सीए समेत अन्य बड़ी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए जय भीम योजना शुरू की है।

जब मैं जेल गया तो इन्होंने मेरे पीछे जय भीम योजना बंद कर दी थी, लेकिन मैने आते ही इस दोबारा चालू करा दी है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बाबा नगर सेन की प्रमुख स्थली मध्य प्रदेश में दिमनी है। वहां पर उनका डेढ़ सौ साल पुराना मंदिर है। वहां बाबा ने बहुत सामाजिक और धार्मिक काम किए। बाबा नगर सेन को सिर्फ दलित समाज ही नहीं बल्कि सभी समाज के लोग पूजते हैं। वह सबके लिए बहुत सम्मानीय हैं।

उन्होंने इंसान की समानता के ऊपर सबसे जोर दिया कि सब समान हैं। उन्होंने शिक्षा पर बहुत जोर दिया कि अपने बच्चों को पढ़ाओ। बच्चों को पढ़ाओगे तभी तरक्की होगी। बाबा नगर सेन के बताए हुए रास्ते पर हम दिल्ली सरकार चलाने की कोशिश कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जादुई भरतनाट्यम नृत्य से दर्शक मंत्रमुग्ध



**नई दिल्ली।** मंडी हाउस के एलटीजी ऑडिटोरियम में रविवार को कलाध्वनि के 40 से ज्यादा शिष्यों ने भरतनाट्यम की शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। 'कलारति' के तहत 6 से 60 साल की उम्र के समर्पित शिष्यों ने यह प्रस्तुति दी। इस दौरान पद्मश्री एवं एसएनए सम्मान प्राप्त गुरु रंजना गौहर (ओडिसी नृत्यांगना) बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। गुरु राधिका कठल के निर्देशन में सभी शिष्यों ने समर्पण के साथ इस प्रस्तुति की तैयारी की थी। इन 40 नृत्य कलाकारों के साथ राधिका कठल, वेंकटेश्वरन कुप्पुस्वामी, मनोहर बालातचंदिरेन और जी राघवेंद्र प्रसाद संगीतकार के रूप में जुड़े। कलारति की शुरुआत भगवान श्रीराम की वंदना से हुई।

### बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में बुजुर्ग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एक बुजुर्ग ने पांच वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ की थी, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया अन्य धाराओं के साथ पॉस्को के तहत भी मामला दर्ज किया गया है द्य शाहदरा डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया बच्ची अपने परिवार के साथ विवेक विहार थानांतर्गत रहती है। बच्ची के पिता ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि बीते शुक्रवार जब वह काम से वापस अपने घर पहुंचे तो उन्होंने देखा उनके पडोसी वहां इकट्ठा है जिनमे से ध्रुव नामक युवक ने उनको एक विडिओ क्लिप दिखाई जिसमे बुजुर्ग बच्ची से गलत तरीके से छेड़छाड़ कर रहा था द्य शनिवार को मामला दर्ज किया गया था जिसके बाद आरोपी अवनीश (60) को गिरफ्तार कर लिया गया, आरोपी मकान न - 112, जनता फ्लैट में रहता है, आरोपी बुजुर्ग ने शादी अविवाहित है और अपने भतीजों के साथ रहता है द्य आरोपी ने बच्ची के साथ छेड़छाड़ पार्क में खेलते समय की थी जिसकी पडोसी ने विडिओ क्लिप बना ली थी शिकायत के बाद महिला काउंसलर ने बच्ची से बात की जिसके बाद बुजुर्ग पर मामला दर्ज गिरफ्तारी की गई।

### दिल्ली पुलिस ने 10 नाबालिगों को बचाया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी से लापता हुए 10 नाबालिगों को देश के विभिन्न स्थानों से बचाने में सफलता हासिल की है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले मामले में भलस्वा डेयरी निवासी 16 वर्षीय एक किशोर को उत्तर प्रदेश के हरदोई से ढूंढ़ लिया गया। वहीं, एक अन्य मामले में जहांगीरपुरी निवासी दो नाबालिग लड़कियां उसी इलाके के एक अस्पताल में मिलीं। पुलिस ने बताया कि नरेला से लापता हुए 17 वर्षीय किशोर को हरियाणा के खरखौदा से ढूंढ़ लिया गया। दिल्ली के जैतपुर से लापता हुई नाबालिग लड़की को दिल्ली के कल्याणपुरी इलाके से ढूंढ़ा गया। पुलिस के अनुसार, भलस्वा डेयरी से लापता हुए 14 वर्षीय किशोर को टिकरी बॉर्डर के पास से ढूंढ़ लिया लिया गया और वेलकम इलाके से लापता हुई एक नाबालिग लड़की गाजियाबाद में मिली। अधिकारियों ने बताया कि सुल्तानपुरी से लापता हुआ 16 वर्षीय किशोर जहांगीरपुरी इलाके में मिला तथा निहाल विहार से लापता हुए दो नाबालिग लड़कों को उत्तर प्रदेश के आगरा से ढूंढ़कर वापस लाया गया है।

### दिल्ली से झुग्गियां उजाड़ रही भाजपा : सिसोदिया

**नई दिल्ली।** पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने रविवार को भाजपा पन निशाना साधते हुए कहा कि पूरी दिल्ली से भाजपा झुग्गियां उजाड़ने का काम कर रही है। आप नेता ने यह बात झुग्गी- बस्तियों के दौरे पर कही। मनीष सिसोदिया ने उन्होंने 15 दिन में सैंकड़ों झग्गियों को तोड़ने के लिए भिजवाए गए नोटिस के पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिया कि किसी भी हालत में अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी इन झुग्गियों को टूटने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के रहते एक भी झुग्गी नहीं टूटेगी। वे आपके साथ खड़े हैं, हम पूरी शिद्दत से इसके खिलाफ लड़ेंगे और इन झुग्गियों को टूटने नहीं देंगे।

# 233 न्यायिक अधिकारियों का कोर्ट ने किया तबादला

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अधीनस्थ अदालतों में कई न्यायिक अधिकारियों का तबादला कर दिया है, जिनमें पूर्व भाजपा सांसद एवं भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख रह चुके बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले की सुनवाई करने वाली न्यायाधीश भी शामिल हैं।

दिल्ली न्यायिक सेवा में 233 न्यायिक अधिकारियों की नई पदस्थापना करने के अलावा, उच्च न्यायालय ने दिल्ली उच्चतर न्यायिक सेवा में 23 न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के लिए एक अलग अधिसूचना भी जारी की। उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल ने शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से तबादलों की सूची जारी की।

# जेपी नड्डा समेत भाजपा नेताओं ने सुनी मन की बात

- भाजपा अध्यक्ष ने कहा, हमें मिल कर प्रधानमंत्री के विजन का 2047 का भारत बनना है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


कृष्णा मार्केट में मन की बात सुनते भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा व अन्य।

दिल्ली भाजपा ने 7036 पोलिंग बूथ स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया।

दिल्ली भाजपा के मन की बात कार्यक्रम संयोजक राजन तिवारी के अनुसार राजधानी के सभी झुग्गी क्लस्टरों से जुड़े सभी लगभग 1022 पोलिंग स्टेशनों पर मन की बात सुनी गई। कृष्णा मार्केट लाजपत नगर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने वहां के स्थानीय लोगों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली वालों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को दीपावली के लिए शुभकामनाएं दी और कहा की हमे मिल कर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न का 2047 का भारत बनना है। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आरपी सिंह, प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर एवं मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन मयूर विहार जिला अध्यक्ष विजेन्द्र धामा आदि ने किया।

# शरीर और मन का संतुलन रखता है आयुर्वेद : डॉ. पाराशर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (आयुष) द्वारा रविवार को आयोजित 'वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आरोग्य यज्ञ' में पूर्णाहुति के साथ ही 'वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेदिक नवाचार अपनाएं' अभियान के साथ राजधानी में राष्ट्रीय धन्वंतरि सप्ताह की शुरुआत हुई। उद्घाटन करते हुए एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आरपी पाराशर ने कहा कि आयुर्वेद का उद्देश्य शरीर, मन और आत्मा का संतुलन बनाए रखना है जिससे संपूर्ण स्वास्थ्य को प्राप्त किया जा सके। इसके साथ ही पूरे देश में धन्वंतरि जयंती और राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस संबंधी कार्यक्रम शुरू हो गए। एसोसिएशन के सदस्य मरीजों को इलाज के साथ-साथ आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धांतों और नवाचारों के बारे में जानकारी देंगे। इस कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक डॉ युवराज त्यागी, डॉ ए.के. सिंह, डॉ वीके जैन, डॉ. ज्ञानेश्वर शर्मा, डॉ. टीपी सिंह, डॉ. अनूप शर्मा, डॉ मुकीम अहमद, डॉ राकेश मावी, डॉ मुकेश त्यागी व अन्य की उपस्थिति में चिकित्सकों और आम जनता के लिए एक एडवाइजरी भी जारी की।

# फूलवालों की सैर पुरानी गंगा-जमुनी तहजीबः आतिशी

- समापन समारोह में कव्वाली का भी पेश की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



भारतीय संस्कृति और एकता के परिचायक फूल वालों की सैर कार्यक्रम का शनिवार देर रात को धूमधाम से समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री आतिशी ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। कार्यक्रम में भारत के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया और यहाँ शानदार क़व्वाली का भी आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि फूलवालों की सैर सिर्फ एक उत्सव नहीं है, इसने दिल्ली की सैकड़ों साल पुरानी गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा को कायम रखा है। उन्होंने कहा कि फूलवालों की सैर जैसे उत्सव आज के दौर में इंसानियत का पैगाम देते हुए लोगों को साथ लाने का उत्सव है। सीएम आतिशी ने कहा कि दिलवालों का शहर है, यहाँ लोग आपस में दीवारें नहीं बनाते बल्कि फूलवालों की सैर जैसे त्यौहार के साथ इंसानियत का पैगाम बांटते है। उन्होंने कहा कि नफरत की राह छोड़कर, इंसान को इंसानियत से जोड़ने वाला ये त्यौहार दिल्ली की एकता और विविधता की असली पहचान है। फूलवालों की सैर ने दिल्ली की सैकड़ों साल पुरानी परंपरा को जिंदा रखा है। सीएम आतिशी ने कहा कि दिल्ली की यही सबसे बड़ी खासियत और खूबसूरती है कि यहां के लोग दिलवालें होते है और आपस में दीवारें नहीं बनाते है। उन्होंने कहा कि फूलवालों की सैर भी दिलवालों का त्योहार है जहां दिल्ली के हर धर्म-जाति-भाषा के लोग एक साथ आते है, इस उत्सव का लुत्फ उठाते है और रातभर शानदार कव्वाली सुनते है।

उन्होंने कहा कि इसलिए राजनीति और राजनेताओं को लोगों को बांटने के काम से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 10 साल से आप लोगों की सेवा में पूरी मेहनत की है। चाहे बिजली देना हो, गली गली तक पानी पहुंचाना हो, चाहे गरीब से गरीब परिवार के बच्चे को अच्छी शिक्षा देना हो, हर व्यक्ति को अच्छा इलाज देना हो, चाहे बुजुर्गों को तीर्थयात्रा पर लेकर जाना हो या स्कूल कॉलेज और काम पर पहुंचाने के लिए महिलाओं फ्री बस यात्रा करवाना हो।

# मैराथन के चलते मंगलवार को यातायात रहेगा प्रभावित

**नई दिल्ली।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के मौके पर मंगलवार को मध्य दिल्ली में मैराथन के कारण यातायात प्रभावित रहेगा। एक परामर्श में यह जानकारी दी गई है। परामर्श के अनुसार, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से शुरू होने वाली रन फॉर यूनिटी मैराथन में लगभग 7,700 लोग हिस्सा लेंगे।

परामर्श में कहा गया है कि वाहन चालकों को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उत्सव के हिस्से के रूप में मंगलवार सुबह सात बजकर 40 मिनट पर मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम के गेट संख्या एक से रन फॉर यूनिटी मैराथन को हरी झंडी दिखाई जाएगी। इस मैराथन में करीब 7,700 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। परामर्श के मुताबिक, प्रतिभागी बस और कार से मैराथन स्थल पर पहुंचेंगे।

# जलवायु परिवर्तन

## प्रभावी रणनीति

**जलवायु परिवर्तन का खतरा** बढ़ने के साथ ही प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने की देश की रणनीति और मजबूत हुई है। समुद्री तूफान 'दाना' हाल ही में भारत के पूर्वी तट पर आया। इसके साथ ही भारी बरसात, तेज हवायें व ऊंची समुद्री लहरों ने प्रकोप ढाया। हालांकि, समुद्री तूफान के कारण ढांचागत संरचना को नुकसान हुआ तथा दैनिक जीवन में बाधा आई, पर आपदा प्रबंधन और दृढ़ प्रतिक्रिया करने में देश की प्रगति भी दिखाई पड़ी। सरकार के समन्वित प्रयासों, बेहतर शीघ्र चेतावनी प्रणालियों तथा सक्रिय उपायों ने समुद्री तूफान का प्रभाव कम करने में सहायता की। इससे बड़े पैमाने पर लोगों को हताहत होने से बचाया गया तथा सामान्य स्थिति जल्दी बहाल हुई। यह घटनाक्रम प्राकृतिक आपदाओं से ज्यादा प्रभावी ढंग से निपटने के भारत के प्रयासों की दिशा में एक और कदम है। समुद्री तूफान 'दाना' बंगाल की खाड़ी पर बना था और अपने अनुमानित रास्ते पर चलते हुए वह तट तक पहुंचने तक भयानक तूफान में बदल गया। ओडिशा और पश्चिम बंगाल के पूर्वी तट पहले से ही समुद्री तूफानों का खतरा झेलने के आदी हो गए हैं और इस बार भी उनको अत्यधिक सावधान किया गया। भारत में समुद्री तूफान कोई नई बात नहीं हैं, वास्तव में देश शताब्दियों से ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से निपट रहा है। लेकिन हाल के वर्षों में समुद्री तूफान प्रबंधन में भारत के सक्रिय दृष्टिकोण के कारण एक महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है।



आपदा प्रबंधन पर भारत का दृष्टिकोण पिछले सालों में विकसित हुआ है। भारतीय मौसम विभाग ने समुद्री तूफानों का मार्ग और उनकी तीव्रता का पूर्वानुमान लगाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। उत्कृष्ट उपग्रह तकनीक, डॉपलर राडार व्यवस्था तथा गणितीय मौसम पूर्वानुमान माडलों का प्रयोग कर अब मौसम विभाग बहुत सटीक शीघ्र चेतावनियां जारी करता है। 'दाना' समुद्री तूफान के मामले में मौसम विभाग ने काफी समय पहले ही चेतावनियां जारी कर दी थीं जिससे राज्य सरकारों को बचाव के उपाय करने का मौका मिल गया। पिछले दशक में भारत ने अत्यधिक खतरे वाले क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की क्षमता में व्यापक सुधार किया है। 'दाना' समुद्री तूफान से बचाने के लिए तटीय क्षेत्रों के लगभग 3,00,000 निवासियों को 'साइक्लोन शेल्टरों' में ले जाया गया। इनको आपदा प्रबंधन कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में मजबूत किया गया है। भारत के बेहतर आपदा प्रबंधन का एक और महत्वपूर्ण आयाम सामुदायिक जागरूकता तथा सहभागिता पर जोर देना है। समुद्री तूफानों से निपटने की भारत की तैयारी रातोंरात नहीं हो गई है। पिछले समुद्री तूफानों के विनाशकारी प्रभाव से नीति-निर्माताओं ने सबक लिए हैं जिनमें 2013 में आया 'फालिन', 2019 में 'फानी' तथा 2020 में आया 'अंफान' शामिल हैं। 2013 में आए 'फालिन' ने समय पर लोगों के निकालने के बावजूद ओडिशा में भारी तबाही मचाई थी। इस अनुभव ने ज्यादा मजबूत ढांचागत संरचनायें तथा बेहतर शीघ्र चेतावनी व्यवस्थाओं के निर्माण में सहायता दी है। 2019 में 'फानी' के दौरान एक मिलियन से अधिक लोगों को समय पर हटाया गया जिससे भारी संख्या में लोगों का जीवन बचा। 2020 में 'अंफान' आने के समय सरकार की तैयारियां और बेहतर हो गई थीं। उसने प्रभवित क्षेत्रों में ज्यादा संसाधन लगाए तथा त्वरित निगरानी के लिए उत्कृष्ट तकनीकों का प्रयोग किया। सरकार के लगातार मजबूत होते इन प्रयासों तथा अतीत के समुद्री तूफानों के प्रबंधन में मिले सबकों से भावी तैयारियों को और प्रभावी बनाने की योजनाओं में समुचित योगदान मिला है।

# ब्रिक्स सम्मेलन : महत्वपूर्ण प्रगति

**इस सप्ताह आयोजित सम्मेलन वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि वह पश्चिमी प्रभुत्व को चुनौती देता है जो अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों का मजाक उड़ा रहा है**



**नीलांत इलांगमुवा**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

भारत के विदेश मंत्री की एससीओ परिषद की राष्ट्राध्यक्षों की 23वीं बैठक में इस्लामाबाद की ऐतिहासिक यात्रा के कुछ दिन बाद रूस के कज़ान में 'वैश्विक दक्षिण' का सर्वाधिक महत्वपूर्ण आयोजन-ब्रिक्स सम्मेलन हुआ है। कज़ान पर 1552 में 'इवान द टेरेबल' ने विजय प्राप्त कर कज़ान खान वंश को समाप्त कर पूरब की ओर रूसी विस्तार की नीव डाली थी। स्थानीय तातार कहावत चेतावनी देती है कि 'यदि देवता कुछ देते हैं तो वे कुछ ले भी लेते हैं।' यह एक प्रकार से सौभाग्य और दुर्भाग्य के बीच नाजुक संतुलन प्रकट करती है तथा विनम्रता के साथ अपरिहार्य परिवर्तनों के लिए तैयार रहने का संदेश भी देती है।

इस सप्ताह आयोजित सम्मेलन वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि वह पश्चिमी प्रभुत्व को चुनौती देता है जो अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों का मजाक उड़ा रहा है तथा खासकर पश्चिम एशिया, फिलिस्तीन व लेबेनान में अराजकता का कारण बना है। इससे पूरी दुनिया के अभूतपूर्व टकराव और परेशानियों में घिरने का खतरा पैदा हो गया है। इस सम्मेलन में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका और नए सदस्य देशों के नेताओं के साथ अन्य प्रेक्षक भी शामिल थे। इस प्रकार यह सम्मेलन केवल राष्ट्रों के एकत्र होने से अधिक साहसी ढंग से वैश्विक दक्षिण की महत्वाकांक्षाओं और क्षमताओं को अभिव्यक्ति देता है। हालांकि, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला द सिल्वा स्वास्थ्य कारणों से सम्मेलन में भाग नहीं ले सके, पर उनके समकक्षों ने अपनी बात प्रभावी ढंग से सामने रखी। उन्होंने शांति, सहयोग तथा परस्पर सम्मान के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की, जबकि ये मूल्य पश्चिम द्वारा फैलाए विमर्श के एकदम विपरीत हैं।

इस अवसर पर यह स्पष्ट करना जरूरी है कि ब्रिक्स गठबंधन हमारे समय के महत्वपूर्ण मुद्दों-आर्थिक अस्थिरता के साथ पर्यावरणीय संकट से निपटने के




साथ ही केवल पश्चिमी वर्चस्व के प्रति प्रतिक्रिया न होकर एक सक्रिय रणनीति है जिसका उद्देश्य समानता और सहयोग पर आधारित विश्व व्यवस्था को उचित स्वरूप देना है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण में कहा, 'असाधारण चुनौतियों का सामना करने वाली दुनिया में हमारे सहयोग को परस्पर सम्मान तथा साझा हितों पर केन्द्रित होना चाहिए। आज दुनिया हमारी ओर नेतृत्व के लिए देख रही है जो सीमाओं को पार कर शांति को बढ़ावा देता है।' चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जोर दिया, 'बहुध्रुवीय दुनिया की जटिलताओं से गुजरते हुए हमारी साझा जिम्मेदारी शांति, स्थिरता और विकास को प्रोत्साहित करना है। ब्रिक्स को विकासशील देशों की सहायता के स्तंभ की तरह खड़े होना और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारी आवाज विश्व मंचों पर सुनी जाए।' यह गठबंधन विभिन्न राष्ट्रों द्वारा एक दूसरे से व्यवहार में मूलभूत परिवर्तन का संकेत देता है तथा 'ज़ीरो सम गेम्स' से अलग हटते हुए ऐसे सहयोगी दृष्टिकोण की ओर बढ़ता है जो वैश्विक परिवर्तनों में परस्पर जुड़ाव की पहचान करता है। किशोर महबूबानी ने हाल ही में इस लेखक के साथ साक्षात्कार में संकेत किया कि हम सभी एक नाव में हैं।

यदि नाव डूबती है तो इस तर्क का कोई अर्थ नहीं होगा कि किसके पास ज्यादा बड़ा कैबिन है। इसके उलट पश्चिमी देश स्वयं को सैनिक रूप से मजबूत कर दुश्मनी वाला परिवेश तैयार कर रहे हैं और अक्सर अपने प्रचार से चीन और रूस को राक्षसों की तरह पेश करते हैं। उनकी कार्रवाइयां ऐसे घातक टकरावों को बढ़ावा देती हैं जो बाकी दुनिया को संकट में धकेल देंगी और वे दूसरों के दुर्भाग्य से मुनाफा कमाएंगे।

इस विकृत दृष्टिकोण में अक्सर वैश्विक दक्षिण के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संदर्भों की अनदेखी की जाती है और उनको व्यवहार के सबक दिए जाते हैं। हेनरी कीसिंजर ने एक बार कहा था, 'पश्चिम ने अपना विवेक खो दिया है। विपरीत स्थितियों में सोचने तथा तार्किक कार्य की क्षमता ही महाशक्ति की पहचान है।'

ब्रिक्स देश इस क्षमता का उदाहरण हैं जो रचनात्मक रूप से कजान घोषणा में सामने आई है। इसमें टकराव के बजाय सहयोग को प्राथमिकता दी गई है। राष्ट्रपति पुतिन ने सम्मेलन के दौरान जोर दिया है, 'हमारी सामूहिक शक्ति सैनिक शक्ति में नहीं, बल्कि साझा मूल्यों और परस्पर सम्मान के आधार पर गठबंधन बनाने में है। हमारे लिए यह समय पुराने विचारों को अस्वीकार करने का है जिन्होंने लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय संबंधों को परिभाषित किया है।'

सम्मेलन में जारी यह घोषणा दक्षिण-दक्षिण सहयोग का सशक्त घोषणापत्र है। इसमें रेखांकित किया गया है कि राष्ट्रों की सच्ची शक्ति ऐतिहासिक रूप से साम्राज्यवादी शक्तियों की विभाजनकारी रणनीतियों के सामने झुकने के बजाय परस्पर लाभ के लिए एकजुट होने की उनकी क्षमता में निहित है। ब्रिक्स नेताओं ने आर्थिक सहयोग, पर्यावरण के टिकाऊपन तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर चर्चा की। इस प्रकार उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता ऐसी दुनिया के लिए प्रकट की जहां छुद्र राजनीतिक स्वार्थों के लिए ऐतिहासिक शिकायतों को वरीयता देने के बजाय विश्व शांति को प्रमुखता दी जाए। यह युद्धोन्माद के बजाय उन देशों का प्रतिनिधित्व करता है जो ऐतिहासिक रूप से सभी नागरिकों के लिए गरिमा और परस्पर सम्मान प्राप्त करना चाहते हैं। यह प्रतिबद्धता पश्चिम की उस गलत धारणा के एकदम विपरीत है जो सैनिक हस्तक्षेपों और आर्थिक दबाव से अपना वर्चस्व बनाए रखना चाहता है। वह बेशर्मी के साथ क्यूबा जैसे छोटे देशों पर प्रतिबंध थोपता है तथा फिलिस्तीन और लेबेनान में निहत्थे नागरिकों के नरसंहार पर अपनी आंखें बंद कर लेता है।

इसके बावजूद वह उपदेश देता है कि लोकतंत्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों की कैसे रक्षा की जाए। इस संकट भरे समय में जहां पश्चिम अक्सर मानवीय संकटों को सैनिक हस्तक्षेप का बहाना बना लेता है, ब्रिक्स एक सैद्धान्तिक दृष्टिकोण की पैरवी करता है जिसमें संवाद और साझेदारी को प्राथमिकता दी जाती है। शांति स्थापना के प्रति प्रतिबद्धता एक गहरी समझदारी की अभिव्यक्ति है कि सच्ची सुरक्षा सैनिक शक्ति से नहीं, बल्कि सम्मान और समानता पर आधारित सच्चे संबंधों के आधार पर हो सकती है। यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण कार्य का आह्वान करता है जहां ब्रिक्स देश अतीत की शिकायतों को पीछे छोड़ कर एक दूसरे की शक्ति पहचान कर साझा भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास करें। ऐतिहासिक सबक हमें चेतावनी देते हैं कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में अविश्वास को बढ़ने की अनुमति देने के बजाय वास्तविक शांति का जन्म परस्पर समझदारी तथा सहयोग से ही संभव है।

ब्रिक्स सम्मेलन वर्तमान समय में व्याप्त भय और विभाजन के विमर्श को चुनौती देता है। यह वैश्विक चुनौतियों, जैसे जलवायु परिवर्तन तथा आर्थिक अस्थिरता से तत्काल निपटने की आवश्यकता रेखांकित करता है। इससे वैश्विक दक्षिण का सक्रिय दृष्टिकोण स्पष्ट होता है कि वह सहयोग तथा साझा प्रगति के आधार पर भविष्य की नीव डाल रहा है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि ऐसी बेहतर दुनिया बनेगी जिसमें विशाल एशियाई देश-भारत और चीन एकसाथ आकर अविश्वास के ऐतिहासिक दाग मिटाने में सफल होंगे। इसके साथ ही वे भारत-पाकिस्तान के बीच शांति के और दरवाजे खोलेंगे तथा इन देशों के अतिवादियों के लिए ऐसा कोई स्थान नहीं छोड़ेंगे जिससे ये देश पश्चिम के मुहरे बन सकें। ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल वैश्विक दक्षिण के देशों तथा अन्य विकासशील देशों को सोचना चाहिए कि क्या हमें दुनिया के विकसित और प्रभुत्वशाली देशों ने कितना पीछे धकेला है तथा आपस में संघर्ष के लिए मजबूर किया है। वैश्विक दक्षिण के देशों को वर्तमान समय में यह भी सोचना होगा कि क्या अब परस्पर सम्मान, समानता तथा साझा समृद्धि के लिए हमें एकजुट होने का अवसर नहीं आ गया है?

रूस के कजान में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन तथा उसमें स्वीकृत 'कज़ान घोषणा' सभी देशों को इसका अवसर प्रदान करती है।

# विज्ञापनों पर लोकप्रिय हस्तियों का प्रभाव

> जबकि प्रसिद्ध चेहरे तुरंत अपील करते हैं, सवाल उठता है क्या हमने वह मानवीय स्पर्श खो दिया है जो विज्ञापनों को सार्थक बनाता है।



**चैतन्य के प्रसाद**
(लेखक, डीएफएफ के पूर्व महानिदेशक हैं)

विज्ञापन के शुरुआती दिनों में, ब्रांड उपभोक्ताओं के साथ गहरे भावनात्मक संबंध बनाने के लिए आकर्षक कहानियों और यादगार टैगलाइन पर बहुत अधिक निर्भर थे। हच के विज्ञापन के बारे में सोचें जिसमें एक वफादार कुत्ता एक लड़के का ईमानदारी से पीछा करता है, कैडबरी डेयरी मिल्क का खुशमिजाज डांसर स्टेडियम में जश्न मनाता है, या सर्फ एक्सेल का दाग अच्छे हैं अभियान।

ये केवल विज्ञापन नहीं थे; वे सांस्कृतिक टचस्टोन बन गए जिन्होंने उन ब्रांडों को याद रखने के तरीके पर स्थायी छाप छोड़ी। हच और एयरटेल जैसे ब्रांडों ने मशहूर हस्तियों पर निर्भर किए बिना कथा-संचालित विज्ञापनों पर अपनी प्रतिष्ठा बनाई, विश्वसनीयता, दोस्ती और खुशी जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया। इन अभियानों की सफलता कहानी को नायक बनाने और उत्पाद को उन कथाओं में सहजता से एकीकृत करने में निहित थी जो दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ती थीं। हालाँकि, व्यापक सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव आया है, जिसमें प्रसिद्ध चेहरे लग्जरी कारों से लेकर रोजमर्रा के उपकरणों तक सब कुछ का प्रचार कर रहे हैं। इससे यह सवाल उठता है- क्या कहानी कहने की कला सेलिब्रिटी करिश्मा के आकर्षण से ढक गई है? फिर भी, कुछ सेलिब्रिटी-संचालित विज्ञापन शक्तिशाली कथाओं के माध्यम से उस भावनात्मक संबंध को बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। अमिताभ बच्चन का कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) से जुड़ना इसका एक प्रमुख उदाहरण है।

शो की ब्रांडिंग सिर्फ़ एक गेम शो के बारे में नहीं है; यह आम लोगों के सपनों, आकांक्षाओं और जीवन बदलने वाले पलों के बारे में है। इसी तरह, शाहरुख खान की हुंडई के साथ लंबे समय से चली आ रही साझेदारी ने ऐसे विज्ञापन बनाए हैं जो कारों के प्रदर्शन से कहीं आगे जाते हैं। हाल ही में हुंडई समर्थ पहल विकलांग लोगों के लिए समावेशिता और सशक्तिकरण को उजागर करती है। इन विज्ञापनों में, शाहरुख खान सिर्फ़ एक उत्पाद का समर्थन नहीं करते हैं; वे एक ऐसी कहानी का हिस्सा बन जाते हैं जो सकारात्मक सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देती है, जो दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ती है। ये अभियान सिर्फ़ इसलिए सफल नहीं हुए क्योंकि उनमें एक सेलिब्रिटी को दिखाया गया था, बल्कि इसलिए भी क्योंकि उन्होंने सार्वभौमिक भावनाओं और मूल्यों को छुआ था जिससे उपभोक्ता जुड़ सकते थे। कहानी हीरो बनी रही, और सेलिब्रिटी ने कहानी को बिना छायांकित किए बढ़ाया। यह अपने शुद्धतम रूप में विज्ञापन था- कनेक्शन और अर्थ पर केंद्रित।

बॉलीवुड अभिनेताओं द्वारा म्यूचुअल फंड जैसे वित्तीय उत्पादों का विज्ञापन करने से लेकर रियल एस्टेट या सॉफ्ट ड्रिंक्स को बढ़ावा देने वाले क्रिकेटरों तक, सेलिब्रिटी विज्ञापन व्यापक हो गए हैं। म्यूचुअल फंड विज्ञापनों में एमएस धोनी की भागीदारी इसका एक प्रमुख उदाहरण है। उनकी विश्वसनीयता, विशेष रूप से टियर 2 और टियर 3 शहरों में, वित्तीय उत्पादों को दर्शकों के लिए अधिक सुलभ और विश्वसनीय बनाती है, जो अन्यथा संशयी हो सकते हैं। इसी तरह, पान मसाला विज्ञापनों में बड़े नाम वाले सितारे, हालांकि विवादास्पद हैं, ने इन उत्पादों की दृश्यता और बिक्री में निर्विवाद रूप से वृद्धि की है। लेकिन सेलिब्रिटी-केंद्रित विज्ञापन की ओर इतना बदलाव क्यों हुआ है? इस प्रवृत्ति में कई कारक योगदान करते हैं। खंडित ध्यान अवधि के युग में, उपभोक्ता का ध्यान आकर्षित करना अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है, और सेलिब्रिटी तुरंत आकर्षित कर लेते हैं। उनके पहचाने जाने वाले चेहरे और स्टार पावर एक उत्पाद को भीड़ भरे मीडिया स्पेस में अलग बना सकते हैं। सेलिब्रिटी भी विश्वास और विश्वसनीयता का प्रतीक हैं; उपभोक्ता अक्सर किसी सेलिब्रिटी की सफलता को उनके द्वारा प्रचारित उत्पाद की गुणवत्ता से जोड़ते हैं, खासकर तब जब अपरिचित ब्रांड पर भरोसा कम हो सकता है। सोशल मीडिया के उदय ने मशहूर हस्तियों को बड़े पैमाने पर अनुसरण करने वाले प्रभावशाली लोगों में बदल दिया है, और ब्रांड दर्शकों तक पहुंचने के लिए इन व्यक्तिगत कनेक्शनों का उपयोग करते हैं। जैसे-जैसे ब्रांड वैश्विक स्तर पर फैलते हैं, वे व्यापक, अधिक विविध बाजारों तक पहुँचने के लिए अंतरराष्ट्रीय अपील वाले मशहूर हस्तियों का उपयोग करते हैं।

जबकि मशहूर हस्तियां चर्चा पैदा करने में मदद कर सकती हैं, तकनीक-विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधुनिक विज्ञापन रणनीतियों को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एआई एल्गोरिदम उपभोक्ता व्यवहार, वरीयताओं और रुझानों का विश्लेषण करते हैं, जिससे ब्रांड को अत्यधिक व्यक्तिगत और लक्षित अभियान बनाने में मदद मिलती है। हालाँकि, यह डेटा-संचालित दृष्टिकोण कभी-कभी ऐसे फ़ॉर्मूलाबद्ध विज्ञापनों की ओर ले जा सकता है जो रचनात्मकता पर मीट्रिक को प्राथमिकता देते हैं, जिससे कहानी कहने को इतना शक्तिशाली बनाने वाले मानवीय स्पर्श के खोने का जोखिम होता है।

सोशल मीडिया प्रभावशाली लोगों के उदय ने विज्ञापनों में एक नई गतिशीलता पेश की है। पारंपरिक मशहूर हस्तियों के विपरीत, प्रभावशाली लोगों के पास अक्सर विशिष्ट दर्शक होते हैं और वे उनके साथ अधिक व्यक्तिगत स्तर पर जुड़ते हैं। उनका ब्रांड मूल्य सापेक्षता और प्रामाणिकता में निहित है, जो मुख्यधारा के मशहूर हस्तियों की पॉलिश छवि की तुलना में अधिक वास्तविक लग सकता है। ब्रांड अब बड़े पैमाने पर अपील के लिए हाई-प्रोफाइल सेलिब्रिटीज और लक्षित, प्रामाणिक जुड़ाव के लिए प्रभावशाली लोगों के बीच संतुलन बनाते हैं, क्योंकि वे समझते हैं कि हालांकि स्टार पावर प्रभावशाली है, लेकिन विषय-वस्तु और उपभोक्ताओं के साथ वास्तविक संबंध अभी भी बहुत मायने रखते हैं।

## आप की बात

### कांग्रेस पर संकट

**हरियाणा की हार** ने कांग्रेस का अहंकार समाप्त कर दिया है जो उसमें लोकसभा चुनाव में 99 सीटें जीतने पर पैदा हुआ था। इसका प्रमाण उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में उसका भाग नहीं लेना और सपा को पूर्ण समर्थन देना है। इसके साथ ही महाराष्ट्र की सीटों पर बराबरी के सिद्धांत पर 85-85 सीटों पर चुनाव लड़ने के निर्णय ने एक प्रकार से कांग्रेस को क्षेत्रीय पार्टी बनाकर रख दिया है। यह इस तथ्य से भी स्पष्ट है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-रांकापा कांग्रेस से ही अलग होकर बनी थी, पर अब स्वयं कांग्रेस उसे अपना बड़ा भाई मानने को तैयार लगती है। कांग्रेस की कमजोरी के कारण इंडिया गठबंधनके घटक दल बिना सामूहिक विचार-विमर्श के अपने मन से उम्मीदवारों की घोषणा कर रहे हैं और कांग्रेस खुलकर इनका विरोध भी नहीं कर पा रही है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो इंडिया गठबंधन बिखरते देर नहीं लगेगी क्योंकि सबसे ज्यादा नुकसान सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस उठा रही है। कांग्रेस पर सबसे बड़ा संकट 2014 में आया था जब उसके केवल 44 सांसद चुने गए थे। हालांकि, 2019 और 2024 में सत्ता से दूर रहने के बावजूद वह अपने सांसदों की संख्या सैकड़े की सीमा तक पहुंचाने में सफल हुई। लेकिन कांग्रेस पर वर्तमान संकट भी पहले की तुलना में कम गंभीर नहीं है।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### भारतीय राजनय की विजय

**ब्रिक्स** देशों के सम्मेलन में भारत एक सशक्त देश के रूप में उभरा है। अब चीन को भी भारत की ताकत का पता चल गया है और उसे भी वर्ष 2020 के बाद सीमा पर शांति स्थापित करने के लिए झुकना पड़ा है। वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच अपने क्षेत्रों में गश्त लगाने के लिए समझौता हुआ है अब सीमा विवाद को निपटाने के लिए दोनों देश के विशेष प्रतिनिधि बैठक करेंगे जिनका निर्धारण भी हो गया है। चीनी सैनिकों ने डेपसांग और डेमचोक से पीछे हटना शुरू कर दिया है। यह भारतीय राजनय तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विजय है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को अच्छी तरह समझ में आ गया है कि आर्थिक व सैनिक शक्ति के रूप में उभरते भारत से टकराव उनके हित में नहीं है। 2020 में सीमा पर हुई झड़प 1962 में चीनी हमले के बाद सर्वाधिक गंभीर थी जिसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। इसके बाद भारत ने न केवल अपनी सैनिक शक्ति में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी की, बल्कि सीमा पर ढांचागत निर्माण को भी लगभग चीन जैसा बना दिया। पांच साल बाद मोदी-शी औपचारिक मुलाकात भी भारतीय राजनय की विजय है जिसे और विस्तार दिया जाना चाहिए।

**- भगवानदास छारिया,** इंदौर

### उमर अब्दुल्ला का बयान

**भारत** के मजबूत लोकतंत्र की खूबसूरती है कि जब भी भारत पर आंच आती है तो भारत के नेता, अभिनेता और राजनेता एक स्वर में भारत-विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देते हैं। इसका ताजा प्रमाण है जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का बयान जिसमें उन्होंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर कभी पाकिस्तान नहीं बन सकता। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान की शह पर हो रही आतंकी घटनाओं पर जोरदार प्रहार किया है। भारत के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए उन्होंने केंद्र सरकार के पाकिस्तान के प्रति दृष्टिकोण के अनुरूप बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तान आतंकी घटनायें जारी रखेगा तब तक उसके साथ कोई बातचीत नहीं की जाएगी। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री की देश के गृहमंत्री अमित शाह तथा प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि अब नेशनल कान्फ्रेंस सरकार केंद्र के साथ टकराव के बजाय आपसी सहमति, सहयोग और भारत के प्रति अडिग प्रतिबद्धता के आधार पर काम करेगी। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के ऐसे बयानों का स्वागत किया जाना चाहिए। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वादा भी किया है, अतः इसे मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए।

**-वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### मोदी-शी मुलाकात

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात और विदेश मंत्री की पाकिस्तान यात्रा को लेकर देश भर में यह आशा बंधी है कि इन दोनों राष्ट्रों से चल रह रहे मतभेदों पर बातचीत की शुरुआत हो सकती है। चीन द्वारा 2020 के पूर्व वाली स्थिति तक लौटने की बात पर अभी भी शंशय बरकरार है क्योंकि चीन का अब तक का रिकॉर्ड अपने वादों को पूरा न करने का रहा है। शी जिनपिंग के विस्तारवादी इरादों पर दुनिया भर के देश लगातार संदेह करते रहते हैं। बदनीयती के साथ चीन अपनी सीमा से लगे पड़ोसी देशों की जमीन हड़पने का प्रयास लगातार करता रहता है। पाकिस्तान भी इस समय चीन की गोद में बैठकर उसके इशारों पर चल रहा है। ऐसे में भारत को चीन के साथ बातचीत जारी रखते हुए अपनी सामरिक तैयारी लगातार मजबूत करनी चाहिए। भारत को सीमा वार्ता के साथ ही द्विपक्षीय व्यापार पर भी बात करनी चाहिए क्योंकि चीन भारत का एक सबसे बड़ा आयातक देश है, लेकिन वह भारत से ज्यादा सामान नहीं खरीदता है।

**- विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता दें अधिकारी: मुख्यमंत्री



**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। जिनके पास आवास नहीं है उन्हें पीएम-सीएम योजना के तहत पक्का आवास दिलाया जाए और जो किसी सामाजिक पेंशन योजना के दायरे में आने की अर्हता रखते हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाया जाए। सीएम योगी ने उक्त निर्देश रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम खुद पहुंचे और एक एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला की समस्या को संवेदनशीलता से देखें।

पात्रता के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ आए नन्हे मुन्ने बच्चों को दुलारकर मुख्यमंत्री ने उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया।

# गोचर भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान

**● प्रदेश में कुल 6930 हेक्टेयर अवैध कब्जे वाली गोचर भूमि में से 4740 हेक्टेयर भूमि को कराया गया कब्जा मुक्त**

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश में पशुओं के लिए उपलब्ध गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए बड़ा अभियान चला रही है। अब तक अवैध कब्जे वाली 6930 हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि में से 4740 हेक्टेयर से अधिक भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया गया है, जबकि शेष कब्जे वाली भूमि को खाली कराने के लिए प्रक्रिया जारी है। राजस्व परिषद के 15 अक्टूबर 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल 61304.504 हेक्टेयर गोचर भूमि उपलब्ध है। 6930.619 हेक्टेयर गोचर भूमि को अवैध कब्जे के रूप में चिह्नित किया गया है। कुल मिलाकर 4740.598 हेक्टेयर गोचर भूमि को अवैध कब्जे से रिक्त कराया जा चुका है। देवरिया में कुल 256.296 हेक्टेयर भूमि चारागाह के लिए उपलब्ध है, जिसमें 16.458 हेक्टेयर भूमि को अवैध कब्जे के रूप में चिह्नित किया गया है। इसमें 5.431 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया गया है, जबकि अभी 11.027 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त कराने की प्रक्रिया जारी है। जौनपुर में कुल 1361.983 हेक्टेयर गोचर भूमि में से कब्जे वाली 70.945 हेक्टेयर भूमि पर 21.181 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्ता कराया गया है। 49.764 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया जाएगा। शामली की बात करें तो कुल 293.577 हेक्टेयर भूमि में 105.752 हेक्टेयर पर अवैध कब्जे में से 27.056 हेक्टेयर को मुक्त करा लिया गया है, जबकि 78.696 हेक्टेयर भूमि के लिए अभियान चल रहा है। बिजनौर, मऊ, संभल और गाजियाबाद में भी उपलब्ध कुल गोचर भूमि में से चिह्नित कब्जे वाली भूमि को कब्जा मुक्त कराने की कार्यवाही जारी है। गोचर भूमि पर हरा चारा उत्पादन की बात करें तो प्रदेश में कुल 6708 ग्रामीण गो आश्रय उपलब्ध हैं। इनमें टैग्ड गोचर भूमि 3060 है जो कुल गो आश्रय स्थलों का 45.62 प्रतिशत है। गोआश्रय स्थलों से टैग्ड गोचर भूमि का क्षेत्रफल 9334.17 हेक्टयर, जिसमें बोया गया हरा चारा का क्षेत्रफल 3107.11 हेक्टेयर है जो कुल टैग्ड गोचर भूमि के क्षेत्रफल का 33.29 प्रतिशत है।

# रामनगरी में दिखेगा अध्यात्म, परंपरा व संस्कृति का संगम

**● रामकथा पार्क के मुख्य मंच पर होगी छह देशों व उत्तराखंड की रामलीला का मंचन**

**लखनऊ।** दीपोत्सव-2024 अत्यंत खास होगा, क्योंकि सीएम योगी के नेतृत्व में होने वाला दीपोत्सव पहली बार %रामलला की मौजूदगी% में होगा। इस बार 25 लाख दीप प्रज्वलित कर नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा। योगी सरकार के मार्गदर्शन में इस दीपोत्सव में रामनगरी में अध्यात्म, परंपरा व संस्कृति का संगम दिखेगा। 30 अक्टूबर को रामकथा पार्क स्थित मुख्य मंच पर छह देशों के साथ ही उत्तराखंड की रामलीला का भी मंचन होगा। हनुमान चालीसा नृत्य नाटिका से आध्यात्मिक बयार भी मुख्य मंच पर ही बहेगी। 30 अक्टूबर को दीपोत्सव के मुख्य मंच रामकथा पार्क में छह देशों की रामलीला होगी। म्यामार, नेपाल, थाईलैंड, मलेशिया, कंबोडिया व इंडोनेशिया के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। वहीं उत्तराखंड के कलाकारों की तरफ से रामलीला की प्रस्तुति भी मुख्य मंच पर ही होगी। सहारनपुर की रंजना नेव नृत्यमयी रामायण के जरिए आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेंगी। आगरा की प्रीति सिंह (प्रीति के परिंदे) हनुमान चालीसा नृत्य नाटिका से संकटमोचन के चरणों में हाजिरी लगाएंगी। दिल्ली की मैत्रेय पहाड़ी व उनकी टीम श्रीरामचरितमाानस नारी शक्ति पर प्रस्तुति देंगी। लखनऊ की अपर्णा यादव का भजन गायन भी मुख्य मंच पर ही होगा। दीपोत्सव के मुख्य मंच पर यह सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम सात बजे से होंगे।

30 अक्टूबर को दीपोत्सव पर अन्य राज्यों के कलाकारों की भी प्रस्तुति होगी। इसमें मध्य प्रदेश की निधि चौरसिया टीम बधावा, असम की सनहल देवी बीहू, महाराष्ट्र की श्रद्धा लावनी, तेलंगाना के श्रीधर विश्वकर्मा गुसादी, झारखंड के सृष्टिधर महतो व टीम छाऊ, बिहार की महिमा झिझिंया, राजस्थान की ममता देवी कालबेलिया/घूमर लोकनृत्य, जम्मू के मो. यसीन व टीम रउफ लोकनृत्य पर प्रस्तुति देंगे। हरियाणा के संदीप यादव व टीम घूमर, पंजबा के हरदीप सिंह व टीम भांगड़ा, नागपुर की शिवमुद्रा बहुद्देशीय संस्था की तरफ से ढोलताशा नृत्य होगा। गुजरात के नितिन दवे व टीम डांडिया-गरबा, हिमाचल प्रदेश के देवदत्त व टीम शिरमौर नाटी नृत्य, छत्तीसगढ़ के मिलाप दास बनजारे पंथी, सिक्किम के शरद चंद्र सिंह सिघी छम नृत्य, चंडीगढ़ के गुरपेंदर सिंह लुडी नृत्य, गोवा के महेश समयी लैंप नृत्य व ओडिशा के चित्रसेन व टीम गोटीपुआ नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से ही प्रारंभ हो जाएंगे। संस्कृति विभाग के निर्देशन में 28 से 30 अक्टूबर तक रामलीला दलों के कलाकारों द्वारा शोभायात्रा की प्रस्तुति होगी। अयोध्या की श्री मारुति नंदन हनुमन आदर्श रामलीला मंडल, श्रीबालाजी सांस्कृतिक विकास सेवा संस्थान, जय हनुमान मानस उत्थान आदर्श रामलीला मंडल, श्रीअवध आदर्श रामलीला समिति, श्रीजनक दुलारी संस्थान समेत 11 दल रहेंगे। लोककलाकार दल भी सिं फरुआही, अयोध्या के पुष्पेंद्र कुमार (बहुरूपिया), सुमिष्ठा मित्रा व टीम बधावा, रमा प्रजापति व टीम अवधी, झांसी के निशांत भदौरिया राई, गोरखपुर की सुगम सिंह शेखावत वनटांगिया नृत्य, मथुरा के माधव आचार्य मयूर नृत्य पर प्रस्तुति देंगे।

## डिजिटल पथ के रूप में दिखेगा धर्मपथ व लता मंगेशकर चौक

**लखनऊ/अयोध्या।** आठवें दीपोत्सव के दौरान अयोध्या डिजिटल नगरी के रूप में नजर आने वाली है। आस्था और प्रकाश का दीपोत्सव में ऐसा संगम दिखने वाला है कि हर कोई निहारता ही रह जायेगा। खास तौर से अयोध्या का धर्मपथ और लता चौक। इनकी आभा देखते ही बनेगी क्योंकि यहां डिजिटल पिलर लगाए जा रहे हैं। भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद पहली बार दीपोत्सव का आयोजन होना है। इसे देखते हुए श्रद्धालुओं को त्रेता युग वाला अनुभव कराने की कोशिश की जा रही है। राम की पैड़ी समेत अन्य घाटों पर 25 लाख दीपों के प्रज्ज्वलन का रिकार्ड बनना है।



इसके अलावा रामकथा पार्क व प्रमुख पथों को सजाने की कवायद जोर शोर से चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आठवें दीपोत्सव को भव्य बनाने की तैयारी चल रही है। इंटेलिजेंट लाइटिंग के मीम प्रोडक्शन के असद बताते हैं कि प्रकाश की व्यवस्था के लिए उन्हें चयनित किया गया है। नेशनल हाईवे से अयोध्या में प्रवेश मार्ग धर्मपथ पर 15-15 फीट के 24 पिलर लगाए जा रहे हैं। डिजिटल पिलर पर रामायण के प्रसंग चलेंगे व स्वागतम् द्वार तक 28 से 30 अक्टूबर तक इन्हें चलाया जाना है। पिलर के ऊपर आकर्षक लाइटिंग की भी व्यवस्था रहेगी। रामकथा पार्क, राम की पैड़ी, हनुमान गढ़ी, बिरला मंदिर, भजन संध्या स्थल, तुलसी उद्यान, सरयू ब्रिज इत्यादि स्थलों पर लाइटिंग होगी। अयोध्या में आठवें दीपोत्सव में एक बार फिर से कीर्तिमान बनाने की तैयारी चल रही है। 25 लाख दीपों का रिकार्ड बनाने के लिए 28 लाख से अधिक दीये बिछाए जाएंगे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम के कंसल्टेंट निश्चल बरोट अयोध्या पहुंच चुके हैं।

## विशेष दीपकों से जगमगाएगा श्रीराम लला मन्दिर

**लखनऊ/अयोध्या।** योगी सरकार इस वर्ष अयोध्या में आठवें दीपोत्सव का भव्य आयोजन कर रही है। इस अवसर पर अयोध्या नगरी को दीपों से रोशन करने और श्रीराम जन्मभूमि पर बने नव्य और भव्य मंदिर में पहली दीपावली को अविस्मरणीय बनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। इस वर्ष सरयू तट पर जहां 25 से 28 लाख दीपक प्रज्वलित कर विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना है, वहीं श्रीराम मंदिर में विशेष प्रकार के दीपक जलाए जाएंगे। मंदिर भवन को दाग-धब्बों और कालिख से सुरक्षित रखने के लिए विशिष्ट दीपकों की व्यवस्था की है, जो लंबे समय तक प्रकाशमान रहेंगे। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाने की भी विशेष योजना है। मंदिर परिसर को कई खंडों और उपखंडों में विभाजित कर सजावट का दायित्व सौंपा गया है। बिहार कैडर से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त आईजी आशु शुक्ला को मंदिर के प्रत्येक कोने को व्यवस्थित रूप से रोशन करने, सभी प्रवेश द्वारों को तोरण से सजाने, साफ-सफाई और सजावट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे श्रद्धालु मनोहारी फूलों और दीपों से सजे मंदिर का दिव्य दर्शन कर सकेंगे। इस दीपोत्सव में पर्यावरण संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखा गया है। मंदिर भवन के ढांचे को धुएं की कालिख से बचाने के लिए परिसर में विशेष मोम के दीपक जलाए जाएंगे, जिनसे कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम होगा। मंदिर ट्रस्ट का प्रयास है कि इस दीपावली में अयोध्या न केवल धर्म और आस्था का केंद्र बने, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दे। दीपोत्सव की भव्यता को श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बनाने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने मंदिर को 29 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक रात 12 बजे तक बाहर से भवन दर्शन के लिए खुला रखने का निर्णय लिया है। गेट संख्या चार बी (लगेज स्कैनर प्वाइंट) से श्रद्धालु आधी रात तक मंदिर की भव्य सजावट का आनंद ले सकेंगे। यह दीपोत्सव न केवल आस्था बल्कि पर्यावरण और सौंदर्य का संदेश भी देगा, जिससे अयोध्या की दीपावली विश्वभर में विशेष स्थान बनाएगी।

## 80 हजार दीपों से बना स्वास्तिक पूरे विश्व को देगा शुभता का संदेश

**अयोध्या।** दीपोत्सव 2024 को लेकर एक ओर जहां योगी सरकार की तैयारियां अंतिम चरण में हैं, वहीं डॉ राममनोहर लोहिया अवध विवि की कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंशानुरूप दीपोत्सव-2024 को ऐतिहासिक बनाने के लिए सरयू के 55 घाटों पर भारी भरकम टीम उतार दी है। दो हजार से अधिक पर्यवेक्षक, समन्वयक, घाट प्रभारी, दीप गणना व अन्य सदस्यों की देखरेख में 30 हजार से अधिक वालंटियर घाटों पर 28 लाख दीपों को सजाने का कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही 80 हजार दीपों से वालंटियर द्वारा राम की पैड़ी के घाट नम्बर 10 पर प्रतीक के रूप में स्वास्तिक बना रहे हैं। यह दीपोत्सव आकर्षण का केन्द्र होने के साथ पूरे विश्व को शुभता का संदेश देगा। इसके लिए 150 से अधिक वालंटियर लगाये गए है। दीपोत्सव में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए दूसरे दिन विश्वविद्यालय परिसर एवं अन्य संस्थानों के वालंटियर जय श्रीराम के जयघोष के साथ राम की पैड़ी रवाना किए गए। सभी वालंटियर ने गले में क्यूआर कोड से लैस आईकार्ड, टी-शर्ट व कैप में घाटों पर दीपों को सजाना शुरू किया गया। बीच-बीच में वालंटियर द्वारा जय श्रीराम के नारे गूंजते रहे और 16 गुणे 16 का दीयों का ब्लाक बना रहे है जिनमें 256 दीए सजा रहे है।

छोटी दीपावली के दिन 30 अक्टूबर को 28 लाख दीयों में तेल, बाती लगाकर देर शाम प्रज्ज्वलित करने के साथ एक नया विश्व रिकार्ड कायम करेंगे। दूसरी ओर घाटों पर घाट प्रभारी व समन्वयक द्वारा समय-समय पर वालंटियर को दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे है। वालंटियर गत्तों से दीए निकालकर घाटों पर बिछाने का कार्य कर रहे है। इन वालंटियर को घाटों पर स्वच्छ पानी पीने की व्यवस्था सामग्री संयोजक प्रो सिद्धार्थ शुक्ला व प्रो गंगाराम मिश्र की देखरेख में की गई है। सभी को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। वांलटियर के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। भोजन समिति के संयोजक प्रो चयन कुमार मिश्र व उनके सहयोगियों द्वारा भजन संध्या स्थल पर वालंटियर को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। दूसरी ओर विवि के उपकुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य द्वारा नगर निगम की मदद से घाटों की स्वच्छता के लिए भारी भरकम टीम उतार दी गई है। इनके द्वारा घाटों की साफ-सफाई कराई जा रही है। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो संत शरण मिश्र ने बताया कि दीपोत्सव के विश्व कीर्तिमान के लिए विवि परिसर सहित 14 महाविद्यालय, 37 इण्टर कालेज, 40 एनजीओ के 30 हजार वालंटियर लगाये गए है। सरयू के 55 घाटों पर 30 एमएल दीए के 16 गुणे 16 का एक ब्लाक वालंटियर द्वारा बनाया जा रहा है। 256 दीए बिछाये जा रहे है। दीपोत्सव के दिन 30 एमएल दीए में 30 एमएल सरसों को इस्तेमाल किया जायेगा।

## सीएम योगी ने काल भैरव और श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**लखनऊ/वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एक दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव और श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए उन्हें अंग वस्त्र और मोमेंटो भेंट किया। मुख्यमंत्री ने पूजा के पश्चात बाबा विश्वनाथ से प्रदेश की खुशहाली और विकास के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने काल भैरव मंदिर के बाहर बच्चों को टाफियां भी बांटी।

मुख्यमंत्री के साथ मंदिर दर्शन के अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु, शहर दक्षिणी के विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरव श्रीवास्तव, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा और अन्य प्रमुख नेता भी उपस्थित रहे। मंदिर प्रशासन की ओर से कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने स्वागत किया, वहीं पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी एस राज लिंगम और अन्य उच्च प्रशासनिक अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के आगमन पर मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## लखनऊ के 10 होटलों को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊके कम से कम 10 बड़े होटलों को ई-मेल के जरिए रविवार को बम विस्फोट कर उड़ाने की धमकी दी गई। अज्ञात लोगों ने ई-मेल में धमकी दी कि अगर 55,000 अमेरिकी डॉलर की फिरौती की मांग पूरी नहीं की गई तो इन होटलों को विस्फोट कर उड़ा दिया जाएगा। बम विस्फोट की धमकी वाले ई-मेल में लिखा है, आपके होटल के परिसर में काले बैग में बम छिपाए गए हैं। मुझे 55,000 अमेरिकी डॉलर चाहिए, नहीं तो मैं विस्फोट कर दूंगा। खून चारों तरफ फैल जाएगा। बमों को निष्क्रिय करने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। भाषा के पास ई-मेल की एक प्रति है। एक होटल के प्रबंधक ब्रजेश कुमार ने पीटीआई वीडियोज को बताया, हमें सुबह धमकी भरा ई-मेल मिला।

# मेरठ में विद्या विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रदान किया गया प्राधिकरण पत्र



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के प्रसार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निरंतर प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से मेरठ में नए विद्या विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्राधिकरण पत्र प्रदान किया गया है। यह प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सरकार का एक और अहम कदम है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में निजी विश्वविद्यालयों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विस्तार हो रहा है, जो प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक अहम कदम है। प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, एमश्पीश अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने विद्या विश्वविद्यालय, मेरठ को संचालन की अनुमति देते हुए विश्वविद्यालय के सुचारु संचालन हेतु नियमों और शर्तों के अनुपालन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय युवाओं को वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा। विद्या विश्वविद्यालय, मेरठ को हाल ही में उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (आठवाँ संशोधन) अध्यादेश, 2024 के तहत अनुमोदित किया गया है और इसे उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की अनुसूची-2 में कमांक 46 पर शामिल किया गया है। प्राधिकरण पत्र के साथ अब यह विश्वविद्यालय अपनी संचालन प्रक्रिया प्रारंभ कर सकेगा।

## राज्य महिला आयोग की बैठक आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, डॉ. बबीता सिंह चौहान सोमवार 28 अक्टूबर को गोमतीनगर स्थित महिला आयोग के सभागार में पूर्वान्ह 11 बजे से आयोग की पदाधिकारियों के साथ महिलाओं के उत्थान, उन्नति एवं उनके उत्पीड़न संबंधी समस्याओं पर महिला आयोग की पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी। साथ ही आयोग की अध्यक्ष आयोग की उपाध्यक्षों एवम सदस्यगणों के साथ अपरान्ह 3 बजे लोहिया पथ स्थित 1090 महिला हेल्पलाइन का भ्रमण कर वहां की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त करेंगी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती चौहान प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं व बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा एवं अनुश्रवण करके इन योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए संबंधित को निर्देश देंगी।

# महाकुंभ में रेलवे तैयार कर रहा 25 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए आश्रय स्थल

**लखनऊ/प्रयागराज।** सनातन आस्था के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ 2025 को लेकर प्रयागराज में तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य बनाने की कवायद जोरों पर है। इस महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान व्यक्त कर रहा है। ऐसे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रेनों के ज़रिये प्रयागराज पहुंच सकते हैं। इस बार लगभग 10 करोड़ लोगों के ट्रेन के जरिये महाकुंभ में पहुचंने का अनुमान है। रेलवे एनसीआर के प्रयागराज मण्डल ने स्टेशनों पर क्राउड मैनेजमेंट को लेकर रोडमैप तैयार कर लिया है। प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर लगभग 25000 यात्रियों के ठहरने के लिए आश्रय स्थलों का निर्माण अंतिम दौर में है। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज सिटी में 9 रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं के आवागमन की तैयारियां चल रही हैं। क्राउड मैनेजमेंट को लेकर महाकुंभ रेलवे नोडल डिविजन प्रयागराज मण्डल ने रोडमैप तैयार कर लिया है। रेलवे प्रयागराज मण्डल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि महाकुंभ के दौरान प्रति घंटे 50 हजार यात्रियों की दर से उनके गंतव्य स्टेशनों की ओर रवाना करने की योजना बनायी गई है। लगभग 25000 श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 10 आश्रय स्थलों को भी तैयार किया जा रहा है। जिनमें से 4 आश्रय स्थल प्रयागराज जंक्शन पर, 3 नैनी जंक्शन, 2 छिवकी स्टेशन और 1 सूबेदारगंज स्टेशन पर बनाए जा रहे हैं। ये आश्रय स्थल 2019 के कुंभ में अस्थाई टिकट घर व शौचालय की सुविधाओं के साथ बनाये गये थे। महाकुंभ 2025 में इनका पुनर्निर्माण कर संचालित करने का कार्य चल रहा है।

## महाकुंभ में योगी सरकार रखेगी श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का ख्याल

**लखनऊ/प्रयागराज।** महाकुंभ में योगी सरकार श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की देखभाल के पुख्ता इंतजाम कर रही है। विभागीय अफसरों को 15 दिसंबर तक सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बाकायदा एक्सरे, एमआरआई, लैब टेस्ट की भी सुविधा रहेगी। स्वस्थ महाकुंभ को नव्य और भव्य रूप देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 10 लाख ओपीडी और 10 हजार आईपीडी तक की क्षमता की तैयारी पूरी कर ली है। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए हाईटेक अस्थाई अस्पताल बनाए जा रहे हैं, जिसमें रायबरेली एम्स के चिकित्सकों की टीम भी लोगों की देखभाल के लिए मौजूद रहेगी। मालूम हो कि महाकुंभ के लिए 77.5 करोड़ रुपए से ज्यादा के 43 प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। संयुक्त निदेशक (चिकित्सा स्वास्थ्य) प्रयागराज, वीके मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ के दौरान स्वास्थ्य विभाग सभी इंतजाम पुख्ता करने की तैयारियों में जुटा है। किसी भी श्रद्धालु को स्वास्थ्य के लिहाज से कोई समस्या ना आने पाए इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की टीम दिन-रात काम में लगी है। 100 बेड का अस्पताल परेड ग्राउंड में तैयार किया जा रहा है। वहीं, महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हर प्रकार की जांच की सुविधा मौजूद रहे, इसकी व्यवस्था बनाई जा रही है। 10 लाख ओपीडी और 10 हजार आईपीडी की क्षमता का लक्ष्य भी रखा गया है। महाकुंभ को नव्य, भव्य और दिव्य बनाने को लेकर योगी सरकार ने विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय में इंतजाम पूरे रखने के निर्देश दिए हैं। बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए, इसके लिए यहां के सभी प्रमुख अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा। संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य के अनुसार महाकुंभ में एक भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न होने पाए। इसके लिए विभागीय अधिकारियों की टीम दिनरात काम में लगी है।

# भाजपा ने उत्तर प्रदेश को जंगलराज में बदल दिया है: अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश को जंगलराज में बदल दिया है। पुलिस निर्दोष लोगों को फर्जी मामलों में पकड़कर प्रताड़ित करती है। पीट-पीट कर मार डाल रही हैं, राजधानी लखनऊ में एक पखवारे में दो युवाओं की पुलिस हिरासत में पिटाई से मौत हो चुकी है। विकासनगर के अमन गौतम के बाद शनिवार को चिनहट की पुलिस ने कारोबारी मोहित पाण्डेय की पीटकर हत्या कर दी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने मारा-पीटा और पीड़ित को मांगने पर पीने का पानी नहीं दिया। तड़पा करके मार दिया। इतनी संवेदनहीनता पहले कभी नहीं देखी गयी थी। अखिलेश यादव ने कहा कि नाम बदलने में माहिर भाजपा सरकार को अब पुलिस हिरासत का नाम बदलकर अत्याचार गृह रख देना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि हम पीड़ित परिवार के साथ हैं। पीड़ित परिवार की हर मांग पूरी की जाय।

अखिलेश ने कहा कि पुलिस हिरासत में मौतों के मामले में भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश नम्बर एक पर है। इसी तरह से फर्जी एनकाउंटर में भी यूपी देश में सबसे ऊपर है। सत्ता संरक्षण में पुलिस खुद अराजकता पर उतारू हो गयी है। कानून का राज खत्म हो गया है। लोगों में डर का माहौल है। भाजपा सरकार और पुलिस से जनता का भरोसा खत्म हो गया है। पुलिस गरीबों, निर्दोष लोगों पर रौब झाड़ती है और उन्हें प्रताड़ित करती है। भाजपा सरकार के संरक्षण में अपराधी और माफिया बच जाते है।

भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश की चर्चा विकास और सकारात्मक कार्यों के बजाय हत्या, लूट, बलात्कार, पुलिस हिरासत में मौत, भ्रष्टाचार, दंगे और बवाल जैसे नकारात्मक वजहों से है। शनिवार को ही चित्रकूट में अस्पताल से घर जा रही नर्स से सामूहिक बलात्कार की घटना और मारपीट हुई।

बदमाशों ने नर्स को रेलवे लाइन पर फेंक दिया। इससे पहले कानपुर में महिला पुलिस के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। कानपुर में ही एक महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या कर उसका शव कई महीने बाद जिलाधिकारी आवास के पास मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। भाजपा सरकार महिलाओं, बहन, बेटियों को सुरक्षा देने में नाकाम है। लगातार हो रही अपराध की घटनाओं से महिलाएं, बेटियां दहशत में है। महिला सुरक्षा को लेकर भाजपा की पोल खुल गयी है। आने वाले समय में आधी आबादी महिलाएं और प्रदेश की जनता भाजपा के दु:खदायी शासन का अंत कर देगी।

# 21 छात्रों को डीएम ने दिए छात्रवृत्ति के चेक

**● पांच संस्कृत विद्यालय और महाविद्यालयों के 253 छात्र छात्राओं को मिलेगी छात्रवृत्ति**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कलेक्ट्रेट** में संस्कृत स्कूल और महाविद्यालय के छात्रों को विधायक और डीएम द्वारा छातृवृत्ति दी गयी। कार्यक्रम के दौरान 21 छात्रों को छात्रवृत्ति की चेक दी गयी। यह छात्रवृत्ति राज्य के सभी संस्कृत स्कूलों और महाविद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 6 से 12 वीं और शास्त्री और आचार्य पाठ्यक्रमों के छात्र एवं छात्राओं को दी जाएगी। कलेक्ट्रेट में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में संस्कृत स्कूल और महाविद्यालयों के 21 छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। मोहनलालगंज के भाजपा विधायक अमरेश कुमार रावत और डीएम सूर्य पाल गंगवार ने इन छात्रों को चेक दिये। पहली बार छात्रवृत्ति पाए छात्र खुशी से झूम उठे। मुख्यमंत्री की इस पहल को छात्र और छात्राओं ने खूब सराहा। समारोह में मौजूद छात्रों समेत सभी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी के सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में संस्कृत छात्रवृत्ति योजना के शुभारंभ कार्यक्रम का प्रसारण देखा। यह छात्रवृत्ति राज्य के सभी संस्कृत स्कूलों और महाविद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 6 से 12 वीं और शास्त्री और आचार्य पाठ्यक्रमों के छात्र एवं छात्राओं को दी जाएगी। डीआईओएस राकेश कुमार ने बताया कि लखनऊ के पांच संस्कृत विद्यालय और महाविद्यालयों में 253 छात्र और छात्राएं पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संस्कृत छात्रवृति योजना के शुभारंभ के बाद कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में 21 छात्रों को छात्रवृत्ति के चेक दिये गए। बचे सभी छात्र और छात्राओं के खाते में छात्रवृत्ति की राशि भेजी जाएगी। यह छात्रवृत्ति हर वर्ग के छात्र.छात्राओं को दी जाएगी। डीएम सूर्य पाल गंगवार, सीडीओ अजय जैनए डीआईओएस राकेश कुमारए सह निरीक्षक मनीषा द्विवेदी, सह जिला विद्यालय निरीक्षक जय शंकर श्रीवास्तव, उप निरीक्षक संस्कृत पाठशाला दिनेश कुमार समेत संस्कृत विद्यालय व महाविद्यालय के प्रधानाचार्य समेत छात्र.छात्राएं शामिल हुए।

# बगांल में घुसपैठ टीमसी सरकार की वजह से : शाह

## ● गृहमंत्री ने बंगाल में सरकार प्रायोजित घुसपैठ के लिए ममता सरकार पर निशाना साधा

**भाषा।** कोलकाता

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित** शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर सरकार प्रायोजित घुसपैठ और भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का आरोप लगाया और दावा किया कि संदेशखालि में महिलाओं पर हमले तथा आरजी कर अस्पताल में एक चिकित्सक से बलात्कार-हत्या जैसे मामले इस बात का सबूत हैं कि राज्य में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। शाह ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यता अभियान की शुरुआत की और राज्य में एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा। उन्होंने कहा, बंगाल में जहां सुबह-सुबह रवींद्र संगीत (टैगोर के गीत) सुनाई देते थे, वहां अब हर जगह बमों की आवाजें सुनाई देती हैं। बंगाल में सरकार प्रायोजित घुसपैठ जारी है। कट मनी और संगठित गिरोह के साथ-साथ भर्ती प्रक्रिया, स्वास्थ्य क्षेत्र और राशन में भ्रष्टाचार व्याप्त है। शाह ने कहा, इससे छुटकारा पाने और गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के सपनों का सोनार बांग्ला (विकसित बंगाल) बनाने के लिए बंगाल के लोगों को 2026 में भाजपा की सरकार बनाने की जरूरत है। उन्होंने बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनावों में "दो-तिहाई सीट जीतनै" का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में यह कट-मनी संस्कृति और भ्रष्टाचार समाप्त होना चाहिए। शाह ने संदेशखालि और आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की घटनाओं का जिक्र किया। आरजी कर अस्पताल में अगस्त में एक महिला चिकित्सक से कथित तौर पर बलात्कार कर उसकी हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि ए घटनाएं पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा के अभाव को



दर्शाती हैं। इस साल लोकसभा चुनावों से पहले, उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में टीएमसी नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगे थे और यह बंगाल में संसदीय चुनाव में एक मुद्दा बन गया था। उन्होंने कहा, बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। 2026 में जब भाजपा सत्ता में आएगी, तो संदेशखालि और आरजी कर जैसी घटनाएं बंद हो जाएंगी। शाह ने पार्टी सदस्यों से राज्य में अपने प्रभाव को कम नहीं आंकने का आग्रह करते हुए कहा, "ममता दीदी को यह नहीं सोचना चाहिए कि हमें बंगाल में कुछ सीट मिली हैं तो हम हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में बंगाल से 30 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य रखा था, लेकिन उसे 2019 की तुलना में छह कम यानी 12 सीट पर जीत मिली। पश्चिम बंगाल में 42 लोकसभा सीट हैं। उन्होंने कहा, मत भूलिए, हम दो सीट से 370 सीट पर पहुंच चुके हैं और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने जैसे कदम उठाए हैं। 2024 में राज्यों में चुनावों में से हमने 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल किए हैं। हमने हरियाणा में जीत हासिल की है और हम झारखंड और महाराष्ट्र में भी जीतेंगे। भाजपा नेता शाह ने कहा, इसके बाद, 2026 में हमारा अगला बड़ा लक्ष्य बंगाल में जीत हासिल करना और दो-तिहाई बहुमत के साथ अगली सरकार बनाना है। अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव और आरजी कर की घटना के बाद शाह का यह पहला बंगाल दौरा था। आरजी कर में एक महिला चिकित्सक से कथित तौर पर बलात्कार करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई, जिसके बाद पूरे देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की भी आलोचना की और कहा कि यद्यपि कांग्रेस पार्टी इस साल के लोकसभा चुनाव में अपने प्रदर्शन का जश्न मना रही है, लेकिन भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है।

## बांग्लादेश से घुसपैठ रोकने में पश्चिम बंगाल करे सहयोग : हिमंत विश्व शर्मा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर सीमावर्ती राज्यों को घुसपैठ की कोशिशों को विफल करने के लिए आपस मे और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ समन्वय करना चाहिए। उन्होने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि असम और त्रिपुरा सरकारे पहले से ही बीएसएफ के साथ मिलकर काम कर रही है, लेकिन यह तभी एक सुनियोजित प्रयास होगा जब पश्चिम बंगाल भी घुसपैठियो की पहचान करना शुरू कर दे, क्योंकि इन दो पूर्वोत्तर राज्यो से वापस भेजे गए लोग वहां से फिर से प्रवेश कर सकते है।शर्मा ने कहा, पिछले दो महीनों मे, लगभग हर दिन हम अपने राज्य में विदेशियों को पकड़ रहे हैं। मेरा मानना है कि सीमा के खुले होने के कारण, बीएसएफ के सर्वोत्तम प्रयासो के बावजूद, कुछ लोग अवैध रूप से भारत में आ रहे है। शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकारो को अवैध प्रवासियो की सक्रियता से पहचान करनी होगी और असम तथा त्रिपुरा पहले से ही ऐसा कर रहे है।उन्होंने कहा कि प्रयासों के बावजूद कुछ घुसपैठिए भारत के अन्य राज्यो मे प्रवेश करने मे सफल हो गए है, जैसा कि कुछ अवैध प्रवासियो की गिरफ्तारी से स्पष्ट है। वे अपने देश से और अधिक लोगो को लाने के लिए बांग्लादेश वापस गए थे।

## पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा का होगा शासन: मिथुन चक्रवर्ती

**कोलकाता।** अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव के बाद राज्य का मसनद (सिंहासन) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का होगा। चक्रवर्ती ने यहां पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र (ईजेडसीसी) में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा, 2026 मे मसनद हमारा होगा और हम इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। राज्यसभा के पूर्व सदस्य ने कहा कि उन्होने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए 37 दिन तक पार्टी के लिए प्रचार किया था। उन्होने कहा कि उन्हे उन परिणामो से दुख हुआ जिसमे भाजपा 2019 मे पश्चिम बंगाल की 42 सीट मे से 18 सीटों से घटकर 12 पर आ गई। उन्होंने भाजपा पदाधिकारियो से 30 नवंबर तक चलने वाले अभियान मे एक करोड़ सदस्यता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। अभिनेता ने कहा कि वह नवंबर में राज्य मे सदस्यता अभियान मे शामिल होंगे। चक्रवर्ती ने आगाह किया कि कोई भी राज्य मे अगले विधानसभा चुनाव मे भाजपा के मतदाताओ को धमकाने की कोशिश न करे। उन्होने पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओ से ऐसे किसी भी प्रयास को नाकाम करने का आह्वान किया।

## रतन टाटा का मानना था, नोएल को उनका उत्तराधिकारी बनने के लिए और अनुभव की जरूरत : पुस्तक

**नई दिल्ली।** लंबे समय तक टाटा संस की अगुवाई करने वाले दिवंगत कारोबारी रतन टाटा को लगता था कि उनके सौतेले भाई नोएल टाटा को उनका उत्तराधिकारी बनने के लिए और अधिक अनुभव की आवश्यकता है। हाल ही मे जारी एक किताब मे यह बात कही गई। नोएल टाटा को हाल मे रतन टाटा की मृत्यु के बाद टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन के रूप मे नियुक्त किया गया। यह ट्रस्ट अप्रत्यक्ष रूप से 165 अरब अमेरिकी डॉलर के टाटा समूह को नियंत्रित करता है। मार्च, 2011 मे जब रतन टाटा के उत्तराधिकारी की तलाश के लिए कई उम्मीदवारो का साक्षात्कार लिया गया, तो उसमें नोएल टाटा भी शामिल थे। रतन टाटा ने उत्तराधिकारी को खोजने के लिए बनी चयन समिति से दूर रहने का फैसला किया था। रतन टाटा की जीवनी - रतन टाटा ए लाइफ के अनुसार, बाद मे उन्हे इस फैसले पर पछतावा हुआ। इस किताब को थॉमस मैथ्यू ने लिखा है और हार्पर कॉलिन्स पब्लिशर्स ने प्रकाशित किया है। किताब में कहा गया कि रतन टाटा चयन समिति से इसलिए दूर रहे, क्योंकि टाटा समूह के भीतर से कई उम्मीदवार थे, और वह उन्हे यह भरोसा देना चाहते थे कि एक सामूहिक निकाय सर्वसम्मति से निर्णय के आधार पर उनमे से किसी एक की सिफारिश करेगा। चयन समिति से दूर रहने का दूसरा कारण व्यक्तिगत था, क्योंकि यह व्यापक रूप से माना जाता था कि उनके सौतेले भाई नोएल टाटा उनके उत्तराधिकारी के लिए स्वाभाविक उम्मीदवार थे। कंपनी मे पारसियो और समुदाय के परंपरावादियो की ओर से दबाव के बीच नोएल टाटा को अपना माना जाता था। किताब के अनुसार, हालांकि रतन टाटा के लिए केवल व्यक्ति की प्रतिभा और मूल्य ही मायने रखते थे। लेखक के मुताबिक, रतन टाटा नही चाहते थे कि नोएल को न चुने जाने की स्थिति मे उन्हे उनके विरोधी के रूप मे देखा जाए। किताब के मुताबिक, रतन टाटा ने कहा, शीर्ष पद के लिए सफलतापूर्वक प्रतिस्पर्धा करने के लिए नोएल के पास अबतक के अनुभव से अधिक अनुभव होना चाहिए था। रतन टाटा ने कहा था कि यदि उनका कोई पुत्र भी होता, तो वह कुछ ऐसा करते कि वह अपने आप उनका उत्तराधिकारी न बन पाता।

## शहाबुद्दीन की पत्नी, बेटे राजद में शामिल

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब रविवार को अपने बेटे ओसामा शहाब के साथ पार्टी मे शामिल हो गईं।



हिना ने हाल ही मे बिहार के सीवान से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे लोकसभा चुनाव लड़ा था। पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद व उनके बेटे तेजस्वी यादव ने उनका स्वागत किया और शहाबुद्दीन को राजद का संस्थापक सदस्य बताया। यादव ने दावा किया कि दिवंगत नेता के परिवार के सदस्यो को शामिल करने से भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रतिनिधित्व की जाने वाली सांप्रदायिक ताक्तों के खिलाफ हमारी लड़ाई मे मदद मिलेगी। हिना और उनके बेटे दोनों बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आधिकारिक आवास 10 सर्कुलर रोड पर राजद मे शामिल हुए। इस अवसर पर लालू प्रसाद यादव और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। प्रसाद ने कहा, शहाबुद्दीन का परिवार हमेशा से राजद का हिस्सा था। वे अब और करीब आ गए है और पार्टी को और मजबूत करेंगे। यकीनन, बिहार का सबसे खूंखार गैंगस्टर से राजनेता बना शहाबुद्दीन, 2007 मे एक हत्या के मामले में दोषी ठहराए जाने तक, अपने गढ़ सीवान मे अपराजित रहा था। हत्या के मामले मे दोषी ठहराए जाने के कारण उसे अयोग्य घोषित कर दिया गया। शहाबुद्दीन की 2021 मे दिल्ली की तिहाड़ जेल मे मौत हो गई, जहां वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। हिना ने कई बार राजद के टिकट पर सीवान सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने आखिरी बार 2019 मे राजद के टिकट पर चुनाव लड़ा था और उसके बाद पार्टी के साथ उनके रिश्ते खराब हो गए थे। यह व्यापक रूप से माना जाता था कि यादव उन्हे नजरअंदाज कर रहे थे, क्योंकि वह पार्टी की छवि मे सुधार करना चाहते थे, जिन पर बाहुबलियो को संरक्षण देने के आरोप लगे थे। ऐसा माना जा रहा है कि हाल के लोकसभा चुनावो के बाद यादव को पुनर्विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ा है, जिसमे राजद ने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया था और केवल चार सीटें जीत पाई थी। इसके अलावा, सीवान मे हिना दूसरे स्थान पर रही, जहां वह जद(यू) की विजय लक्ष्मी कुशवाहा से एक लाख से भी कम वोटो से हार गईं, जबकि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और राजद उम्मीदवार अवध बिहारी चौधरी जमानत जब्त होने से बाल-बाल बचे और तीसरे स्थान पर रहे।

## पंजाब में जगह की कमी नही : केंद्र ने धान भंडारण की चिंताओं को खारिज किया

**नई दिल्ली।** केंद्र ने रविवार को उन खबरों को खारिज किया, जिनमे कहा गया था कि पंजाब मे भंडारण जगह की कमी के कारण धान खरीद प्रभावित हो रही है। केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने रविवार को भरोसा दिया कि पर्याप्त भंडारण स्थान बनाना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने भंडारण जगह की कमी संबंधी खबरों को खारिज करते हुए इसे निहित स्वार्थों के कारण फैलाई गई गलत सूचना करार दिया। जोशी ने खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की चेयरमैन वनिता रतन शर्मा के साथ मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होने कहा, कुछ अफवाहे फैलाई जा रही है। मै स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि जगह बनाना हमारी जिम्मेदारी है। हम इसका ध्यान रखेंगे। उन्होने कहा कि राज्य मे इस समय 14 लाख टन भंडारण क्षमता है, जो एक नवंबर तक बढ़कर 16 लाख टन हो जाएगी। निजी उद्यमी गारंटी (पीईजी) योजना के तहत अतिरिक्त 31 लाख टन क्षमता विकसित की जा रही है। मंत्री ने बताया कि 3,800 मिल वालो ने धान उठाने केलिए आवेदन किया है, जिनमें से 3,250 को चावल बनाने के लिए भंडार आवंटित किया जा चुका है। सरकार ने 9,819.88 करोड़ रुपए का भुगतान किया है, जिसमे से 7,641 करोड़ रुपए किसानों तक पहुंच चुके है। मंत्रालय ने भंडारण क्षमता और आवाजाही की साप्ताहिक निगरानी के लिए एफसीआई की अगुवाई में एक उच्चस्तरीय समिति बनाई है।

## क्रिकेटर ईशान किशन के पिता प्रणव पांडे जद(यू) में शामिल

**पटना।** क्रिकेटर ईशान किशन के पिता प्रणव कुमार पांडे रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) मे शामिल हो गए। जद(यू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रमुख उमेश सिंह कुशवाहा समेत कई शीर्ष नेताओ की मौजूदगी मे यहां एक समारोह मे पांडे को पार्टी मे शामिल किया गया। पार्टी मे शामिल होने के बाद पांडे ने कहा, एक बार फिर पार्टी मे वापस आकर मुझे खुशी महसूस हो रही है। हमारे नेता नीतीश कुमार हमेशा मेरे लिए प्रेरणास्रोत रहे है। अब मै अपने वरिष्ठो के निर्देशन मे कड़ी मेहनत करूंगा और पार्टी को मजबूत करूंगा। इस अवसर पर झा ने कहा, पांडे कभी पार्टी से दूर नही हुए। उन्होंने सिर्फ अपने बेटे को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनाने के लिए ब्रेक लिया था। अब जबकि ईशान देश के लिए खेल रहे है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचो मे अच्छा प्रदर्शन कर रहे है, पांडे ने अब पार्टी के लिए सक्रिय रूप से काम करने का फैसला किया है। उनके शामिल होने से निश्चित रूप से पार्टी मजबूत होगी।

## भाजपा ने विजयपुरा के किसानों से मिलने के लिए समिति बनाई

**बेंगलुरु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कर्नाटक के विजयपुरा जिले के एक गांव मे वक्फ बोर्ड द्वारा कथित तौर पर जमीन खाली करने का नोटिस दिए जाने से प्रभावित किसानो का हाल जानने और उनकी पीड़ा सुनने के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित की है। टीम में सांसद गोविंद करजोल, विधायक हरीश पूंजा और महेश तेंगिनकई, पूर्व एमएलसी अरुण शाहपुर और भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महासचिव कलमरुद्रप्पा शामिल है। हालांकि, टीम मे विजयपुरा के भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल को शामिल नहीं किया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र द्वारा जारी बयान के मुताबिक, टीम 29 अक्टूबर को प्रभावित किसानो से मुलाकात करेगी। होनवाद गांव के लोगो को नोटिस जारी कर वक्फ बोर्ड ने कहा है कि जमीन उसकी है।

# सैनिकों की वापसी पहला कदम, तनाव कम करना अगला कदम : जयशंकर

**भाषा।** मुंबई

**विदेश मंत्री एस** जयशंकर ने रविवार को कहा कि लद्दाख के देपसांग और डेमचोक में सैनिकों का पीछे हटना पहला कदम है, और उम्मीद है कि भारत 2020 की गश्त की स्थिति में वापस आ जाएगा। विदेश मंत्री ने स्पष्ट रूप से चीन का जिक्र करते हुए कहा कि अगला कदम तनाव कम करना है, जो तब तक नहीं होगा जब तक भारत को यकीन नहीं हो जाता कि दूसरी तरफ भी यही हो रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में, भारत ने घोषणा की कि उसने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त करने को लेकर चीन के साथ समझौता कर लिया है। चार साल से



अधिक समय से पूर्वी लद्दाख में जारी सैन्य गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में यह एक बड़ी सफलता है। मुंबई में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि देपसांग और डेमचोक में गश्त करने और पीछे हटने पर आम सहमति बन गई है। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि इसे लागू करने में समय लगेगा। यह पीछे हटने और गश्त का मुद्दा है, जिसका मतलब है कि हमारी सेनाएं एक-दूसरे के बहुत करीब आ गई थीं और अब वे अपने ठिकानों पर वापस चली गई हैं। हमें उम्मीद है कि 2020 वाली स्थिति बहाल हो जाएगी। विदेश मंत्री ने कहा कि सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी करना पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है, जो तब तक नहीं होगा जब तक भारत को यकीन न हो जाए कि दूसरी तरफ भी यही हो रहा है। उन्होंने कहा, तनाव कम होने के बाद सीमाओं का प्रबंधन कैसे किया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी।

## मुंबई पर हुए 26-11 हमले के बाद भारत की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नही हुई थी

**मुंबई।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि 26-11 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से कोई प्रतिक्रिया नही हुई थी, लेकिन यदि ऐसी घटना दोबारा हुई तो अब ऐसा नही होगा। जयशंकर ने यहां संवाददाताओ से कहा, मुंबई मे जो हुआ, उसकी पुनरावृत्ति नही होनी चाहिए कि यहां आतंकवादी हमला हुआ और कोई प्रतिक्रिया नही हुई। उन्होंने कहा, मुंबई भारत और दुनिया के लिए आतंकवाद-विरोध का प्रतीक है। जयशंकर ने कहा कि जब भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य था, तब वह आतंकवाद-निरोधक समिति की अध्यक्षता कर रहा था। उन्होने कहा, हमने आतंकवाद-निरोधक समिति की बैठक उसी होटल मे की थी, जिस पर आतंकी हमला हुआ था। जयशंकर ने कहा, लोग जानते है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। हम आज आतंकवाद से लड़ने मे अग्रणी हैं। उन्होने कहा, जब हम आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नही करने की बात करते है, तो यह स्पष्ट है कि जब कोई कुछ करता है, तो उसका जवाब दिया जाएगा। यह स्वीकार्य नही है कि आप दिन मे सौदेबाजी कर रहे हो और रात मे आतंक मे लिप्त हो और मुझे दिखावा करना पड़े कि सब कुछ ठीक है। अब भारत इसे स्वीकार नही करेगा। यही बदलाव है। जयशंकर ने कहा, हम आतंकवाद को उजागर करेंगे और जहां हमें कार्वाई करनी होगी, हम कार्वाई भी करेंगे। जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत और चीन जल्द ही लद्दाख मे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त फिर से शुरू करेंगे,।

# मनरेगा मांग आधारित योजना, पंजीकरण लक्ष्य तय करना संभव नही : सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**ग्रामीण विकास** मंत्रालय ने रविवार को उन रिपोर्ट को खारिज कर दिया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत पंजीकरण घट रहा है। मंत्रालय ने कहा कि मांग आधारित इस योजना में कुल पंजीकरण के लिए लक्ष्य तय करना संभव नहीं है, क्योंकि वित्तीय वर्ष अभी जारी है। मनरेगा के कार्यान्वयन पर लिबटेक इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में इस योजना के तहत सक्रिय श्रमिकों की संख्या में आठ प्रतिशत की गिरावट आई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कुल 39 लाख श्रमिकों को हटाया गया है, जिससे गलत तरीके से हटाए जाने के संबंध में चिंता बढ़ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस योजना के तहत 84.8 लाख श्रमिकों के नाम हटा दिए गए, जबकि केवल 45.4 लाख श्रमिकों के नाम जोड़े गए। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, चूंकि, मनरेगा एक मांग आधारित योजना है और वर्तमान वित्तीय वर्ष अभी चल रहा है, इसलिए मानव दिवस सृजन का सटीक लक्ष्य तय करना संभव नहीं है। हालांकि, राज्य/केंद्र-शासित प्रदेश स्थानीय जरूरतों के अनुसार श्रम बजट संशोधन के लिए प्रस्ताव भेज सकते हैं। इसमें कहा गया है, यह ध्यान देने योग्य है कि वित्तीय वर्ष 2006-07 से लेकर वित्तीय वर्ष 2013-14 तक कुल 1660 करोड़ मानव दिवस सृजित (कार्यक्रम के तहत पंजीकृत व्यक्ति द्वारा एक वित्तीय वर्ष में पूरे किए गए कार्य दिवसों की कुल संख्या) किए गए थे, जबकि वित्तीय वर्ष 2014-15 से लेकर मौजूदा वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुल 2923 करोड़ मानव दिवस सृजित किए गए हैं। लिबटेक की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस योजना के तहत रोजगार के अवसरों में पिछले वर्ष की तुलना में काफी गिरावट आई है, जो 184 करोड़ से घटकर 154 करोड़ मानव दिवस रह गए हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि सभी श्रमिकों में से 27.4 प्रतिशत या 6.7 करोड़ लोग आधार-आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) के माध्यम से वेतन प्राप्त करने के लिए अपात्र हैं। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) और आधार से जुड़े बैंक खाते में भुगतान के संबंध में मंत्रालय ने कहा कि एबीपीएस एक प्रमुख सुधार प्रक्रिया है, जिसके तहत मनरेगा के श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान सीधे बैंक खातों में किया जाता है।

# आजादी में योगदान देने वाले महापुरुष अतीत में खोते नहीं : मोदी

## ● भविष्य का रास्ता दिखाते हैं: पीएम

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने भगवान बिरसा मुंडा और सरदार पटेल की 150वीं जयंती के वर्ष को जीवंत बनाने के लिए देशवासियों से सहभागिता का आह्वान करते हुए रविवार को कहा कि आजादी के आंदोलन में योगदान देने वाले महापुरुष अतीत में खो नहीं जाते हैं, बल्कि उनका जीवन वर्तमान को भविष्य का रास्ता दिखाता है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 150वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए झारखंड विधानसभा चुनाव से पूर्व उन्होंने यह भी कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी जन्मस्थली उलिहातू की यात्रा उनके जीवन के खास पलों में एक थी, जिसका उनपर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा।उन्होंने कहा, अगर आप मुझसे पूछें कि मेरे जीवन के सबसे यादगार पल क्या रहे तो कितने ही वाकए याद आते हैं। लेकिन, इनमें भी एक पल



ऐसा है जो बहुत खास है। वो पल था जब पिछले साल 15 नवंबर को मैं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी जन्मस्थली झारखंड के उलिहातू गांव गया था। उन्होंने कहा, इस यात्रा का मुझ पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा। उन्होंने याद दिलाया कि वह देश के पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें इस पवित्र भूमि की मिट्टी को अपने मस्तक से लगाने का सौभाग्य मिला।उन्होंने कहा, उस क्षण, मुझे न सिर्फ स्वतंत्रता संग्राम की शक्ति महसूस हुई, बल्कि इस धरती की शक्ति से जुड़ने का भी अवसर मिला। मुझे यह एहसास हुआ कि कैसे एक संकल्प को पूरा करने का साहस देश के करोड़ों लोगों का भाग्य बदल सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में हर युग में कुछ चुनौतियां आईं और हर युग में ऐसे असाधारण भारतवासी जन्मे, जिन्होंने इन चुनौतियों का सामना किया।इस क्रम में बिरसा मुंडा और सरदार पटेल का उल्लेख किया।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने दोनों स्वतंत्रता सेनानियों की 150वीं जयंती को मनाने का निश्चय किया है। सरदार पटेल की जयंती का वर्ष 31 अक्टूबर से और इसके बाद भगवान बिरसा मुंडा का जयंती वर्ष 15 नवम्बर से शुरू होगा।प्रधानमंत्री ने कहा, इन दोनों महापुरुषों ने अलग-अलग चुनौतियां देखीं, लेकिन दोनों की दृष्टि एक थी- देश की एकता। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने बीते वर्षों में ऐसे महान नायक-नायिकाओं की जयंतियों को नई ऊर्जा से मनाकर, नई पीढ़ी को नई प्रेरणा दी है।

झारखंड में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होना है।प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष 31 अक्तूबर को दिवाली के कारण इस वर्ष सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी यानी एकता के लिए दौड़ कार्यक्रम का आयोजन 29 अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने इस कार्यक्रम में लोगों से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने

## उद्योग जगत के संगठनों ने राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति के उल्लंघन का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** पीएचडी चैम्बर ऑफकॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री पीएचडीसीसीआई और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइसेज़ आई एम ई डी ने मैनुफैक्चरर्स ऑफइमेजिंग थेरेपी एण्ड रेडियोलोजी डिवाइसेज़ एमआईटीआरए एसोसिएशन ऑफडायग्नॉस्टिक मैनुफैक्चरर्स ऑफइंडिया ए डी एम आई तथा मेडटेक उद्योग के हितधारकों के सहयोग से पीएचडी हाउस में एक प्रेस सम्मेलन का आयोजन किया। जहां पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एमओईएफसीसी स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डीजीएचएस तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एमओएचएफडब्ल्यू द्वारा हाल ही में जारी कार्यालय ज्ञापन के संदर्भ में गंभीर विषयों पर चर्चा की गई। ये ज्ञापन नवीकृत एवं पहले से इस्तेमाल किए जा चुके चिकित्सा उपकरणों के आयात की अनुमति देते हैंए बावजूद इसके कि इसी तरह की डिवाइसेज़ का निर्माण भारत में किया जाता है। उद्योग जगत के लीडरों का मानना है कि यह भारत को चिकित्सा उपकरण निर्माण में आत्मनिर्भर बनाने में बड़ा खतरा हैए साथ ही यह प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत् के दृष्टिकोण की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों में बाधा भी उत्पन्न करता है। यह देश की स्वदेशी निर्माण क्षमता में रूकावट उत्पन्न करता है। इसके अलावा मरीज़ों की सुरक्षा के संबंध में भी गंभीर मुद्दों की संभावना उठाई गई हैए क्योंकि हो सकता हैकि नवीकृत किए गए चिकित्सा उपकरणए नव निर्मित उपकरणों की तरह गुणवत्ता के मानकों पर खरे न उतरेंए जो मरीज़ोंकी सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का कारण हो सकता है। पहले से इस्तेमाल की जा चुकी और नवीकृत मेडिकल डिवाइसेज़ के आयात को बढ़ावा देकर यह पॉलिसी भारतीय उद्यमियों के लिए इनोवेशन और निवेश में बाधा उत्पन्न करती है तथा भारत के प्रतिस्पर्धी मेडकटेक उद्योग के विकास में रूकावट है। इस अवसर पर निराशा व्यक्त करते हुए राजीव नाथ फोरम कोऑर्डिनेटरए ए आई एम ई डी ने स्थानीय निर्माण पर इस ज्ञापन के घातक प्रभाव की बातकरते हुए कहा कि एम ओ ई एफसी सी द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन नेशनल मेडिकल डिवाइसेज़ पॉलिसी 2023 का उल्लंघन करता है जिसका लॉन्च पिछले साल प्रधानमंत्री ने किया था।

# द्रमुक की परंपरा के विपरीत उदयनिधि ने दी दीपावली की बधाई, भाजपा ने ली चुटकी

**भाषा।** चेन्नई

**द्रविड़ मुन्नेत्र** कषगम (द्रमुक) की परंपरा के विपरीत पार्टी नेता और तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने आस्थावानों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं, जिस पर विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुटकी ली। भाजपा दीपावली और विनायक चतुर्थी समेत हिंदू त्योहारों की बधाई नहीं देने के लिए द्रमुक को निशाना बनाती रही है। द्रमुक के दिवंगत अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि समेत पार्टी के विभिन्न नेताओं ने अपनी तर्कवादी विचारधारा की वजह से कभी लोगों को दीपावली की बधाई नहीं दी। हालांकि, शनिवार को पार्टी की प्लेटिनम जुबली के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में अपने समर्थकों का अभिवादन करते हुए



उदयनिधि ने लोगों को दीपावली की बधाई भी दी, जिससे कई लोग हैरान रह गए। उन्होंने कहा, मैं हमारी (द्रमुक) प्लेटिनम जुबली की बधाई देता हूं। आस्थावानों और दीपावली मनाने वालों को इस पर्व की बधाई। उत्तर में दीपावली भगवान राम के वनवास से अयोध्या लौटने का प्रतीक है, जबकि दक्षिण में यह त्योहार भगवान कृष्ण और उनकी पत्नी सत्यभामा की राक्षस राजा नरकासुर पर विजय का प्रतीक है। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के नेता नारायणन तिरुपति ने उदयनिधि पर कटाक्ष किया। उन्होंने एक्स पर इशारों ही इशारों में उपमुख्यमंत्री की टिप्पणियों का उल्लेख किया और कहा, जो लोग आस्थावान नहीं हैं, उन्हें नरकासुर की तरह जीने के लिए बधाई। इसके अलावा, तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि पर परोक्ष हमला करते हुए उदयनिधि ने कहा कि उन्हें द्रविड़म शब्द से ही एलर्जी है और उन्हें लगता है कि इसका नाम न लेकर इसे खत्म किया जा सकता है। उदयनिधि ने दावा किया कि राज्यपाल को तमिलनाडु नाम से भी दिक्कत है। उपमुख्यमंत्री ने कहा, द्रविड़म को कोई छू भी नहीं सकता। तमिलनाडु तमिलनाडु ही रहेगा। जब तक हमारा काला और लाल (द्रमुक का) झंडा और द्रमुक कार्यकर्ता हैं, तब तक कोई तमिलनाडु और द्रविड़म को छू भी नहीं सकता।

# कर्नाटक के गांव में गजट में त्रुटि के कारण किसानों की जमीन को लेकर असमंजस की स्थिति: मंत्री पाटिल

**भाषा।** विजयपुरा (कर्नाटक)

**कर्नाटक के मंत्री एमबी** पाटिल ने रविवार को कहा कि पुरानी गजट अधिसूचना में त्रुटि के कारण वक्फ अधिनियम के तहत विजयपुरा जिले के होनवाड़ा गांव के लोगों को उनकी पुश्तैनी जमीन खाली करने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। उन्होंने कहा कि कर्नाटक वक्फ बोर्ड गांव के किसानों की ।,200 एकड़ जमीन पर अधिकार का दावा नहीं कर सकता है। विजयपुरा जिले के प्रभारी मंत्री पाटिल ने संवाददाताओं से कहा, 1974 में गजट अधिसूचना में इसे गलती से होनवाड़ा गांव लिख दिया गया था। वहां की जमीन मूल रूप से महल बाग सर्वेक्षण संख्या का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि 1977 में वक्फ बोर्ड ने अपने दस्तावेजों में सुधार किया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि केवल 10 श्मशान एकड़ भूमि ही उसकी है। मंत्री ने कहा, शेष ।,200 एकड़ भूमि (जिसके बारे में दावा किया जाता है कि वह वक्फ बोर्ड की है) किसानों की है। इसलिए, किसानों की एक भी इंच भूमि वक्फ बोर्ड की संपत्ति नहीं है। पाटिल ने कहा कि वह इस मामले को सुलझाने के लिए जिला, राजस्व विभाग और वक्फ बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि 10 एकड़ श्मशान भूमि से जुड़ा मामला भी न्यायालय में विचाराधीन है और लोगों को इसके नतीजे का इंतजार करना चाहिए। पाटिल ने दावा किया कि श्मशान भूमि भी पंचायत की संपत्ति है। होनवाड़ा के ग्रामीण उस समय भड़क गए, जब उन्हें नोटिस मिला कि उनकी सारी जमीन वक्फ बोर्ड की है।

## मार्केटिंग रणनीतियों के साथ अपने संचार खेल को बेहतर बनाए : अपूर्व पलनीटकर

**नोएडा।** दिवाली के करीब आने के साथ व्यवसाय अपने दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने के तरीके खोज रहे हैं अपूर्व पलनीटकर गो डैडी इंडिया सीनियर डायरेक्टर मार्केटिंग ने कहा इस अवसर का लाभ उठाने के लिए अपने दर्शकों के साथ तालमेल बनाने के लिए ईमेल मार्केटिंग आवश्यक है। यहाँ पाँच ईमेल मार्केटिंग रणनीतियाँ दी गई हैं जो इस समय आपके संचार को बेहतर बनाने में आपकी मदद कर सकती हैं। अपने त्यौहारी शुभकामनाओं को व्यक्तिगत बनाएँ। विशेष उत्सव छूट। लक्षित अभियानों के लिए अपने दर्शकों को विभाजित करें। उत्सवथीम वाले ईमेल टेम्पलेट का उपयोग करें। तेज़ी से आगे बढ़ने में आपकी मदद करने के लिए विशेषज्ञों की मदद लें। जब ईमेल मार्केटिंग रणनीतियों को कुशलतापूर्वक लागू करने की बात आती हैए तो आपको बेहतरीन परिणाम प्राप्त करने के लिए विशेषज्ञ होने की आवश्यकता नहीं है। त्यौहारी जुड़ाव के लिए तैयार हो जाएँ।इस दिवाली अपने संचार को बढ़ाने और ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक संबंध बनाने के लिए इन ईमेल मार्केटिंग रणनीतियों का लाभ उठाएँ। वैयक्तिकृत संदेशए विशेष छूट, लक्षित अभियान और त्यौहारी थीम वाले टेम्पलेटए स्वचालन के साथ मिलकर इस जीवंत मौसम का सबसे अच्छा उपयोग करने का वादा करते हैं। जब आप दिवाली की भीड़ के लिए तैयारी करते हैं, तो याद रखें कि एक अच्छी तरह से तैयार की गई ईमेल रणनीति उच्च जुड़ावए बढ़ी हुई बिक्री और एक वफादार ग्राहक आधार की ओर ले जा सकती है जो आपके ब्रांड की त्यौहारी भावना की सराहना करता है।

# परिवर्तन के मुश्किल दौर से गुजर रहा है भारत

## गेंदबाजी में सीमित विकल्प चिंता का विषय

**भाषा।** नई दिल्ली



**न्यूजीलैंड के** खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच में हार के बाद भारत का अगले साल जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में जगह बनाना अधर में लटक गया है और अगर वह लगातार तीसरी बार इसमें सफल भी रहता है तो डब्ल्यूटीसी के अगले दो साल के चक्र के लिए कप्तान रोहित शर्मा का टीम में बने रहना मुश्किल लगता है।यही बात रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और विराट कोहली पर भी लागू होती है। अश्विन तब 41 साल जबकि जडेजा और कोहली 39 साल के हो जाएंगे।न्यूजीलैंड के हाथों शर्मनाक हार के बाद कुछ सीनियर खिलाड़ियों पर उंगलियां उठने लगी हैं। ऐसे में पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने वर्तमान कोच गौतम गंभीर के प्रति सहानुभूति जताई।शास्त्री ने पुणे में दूसरे टेस्ट मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए कहा, न्यूजीलैंड ने उन्हें (भारत को) दोनों टेस्ट मैचों में शानदार तरीके से हराया है। यह सोचनीय विषय है। उन्होंने (गंभीर ने) अभी-अभी कार्यभार संभाला है। ऐसी टीम का कोच बनना कभी आसान नहीं होता जिसके इतने अधिक चाहने वाले हों। उन्होंने कहा, यह कोच के रूप में उनके करियर के शुरुआती दिन हैं, लेकिन वह जल्द ही सीख जाएंगे। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत परिवर्तन के मुश्किल दौर से गुजरने वाला है। कम से कम चार विश्व स्तरीय क्रिकेटर अगले दो साल में खेल को अलविदा कह देंगे और ऐसे में गंभीर कोच के रूप में अविश्वसनीय स्थिति में हैं। भारत के पास बल्लेबाजी में कई विकल्प हैं लेकिन गेंदबाजी के मामले में ऐसा नहीं कहा जा सकता।अभी चोटिल होने के कारण टीम से बाहर चल रहे मोहम्मद शमी अगर वापसी भी करते हैं तो वह लंबे समय तक टीम में नहीं बने रह पाएंगे। आकाशदीप और मोहम्मद सिराज अच्छे गेंदबाज हैं लेकिन जब दूसरे छोर से जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी कर रहे हो तब इन दोनों तेज गेंदबाजों के पास शमी जैसी मारक क्षमता नहीं दिखाई देती। इसके बाद जो तेज गेंदबाज अगली पंक्ति में खड़े हैं उनके साथ भी कुछ ना कुछ समस्या है। आवेश खान और खलील अहमद अच्छे तेज गेंदबाज हैं लेकिन निरंतरता और फिटनेस उनकी बड़ी समस्या है। नवदीप सैनी की गति धीमी पड़ गई है जबकि उमरान मलिक लगता है कि अपनी राह से भटक गए हैं।

### श्रृंखला में हार की जिम्मेदारी सीनियर खिलाड़ियों पर : कार्तिक, मांजरेकर ने गंभीर का बचाव किया

नई दिल्ली। भारत के पूर्व विकेटकीपर दिनेश कार्तिक का मानना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में हार की जिम्मेदारी सीनियर भारतीय खिलाड़ियों पर है जबकि पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि कोच गौतम गंभीर पर दोष मढ़ना अनुचित होगा। भारत ने शनिवार को पुणे में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट 113 रन से गंवा दिया जिससे मेहमान टीम ने तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजई बढ़त बना ली। इसके साथ ही भारत का 2012-13 मे इंग्लैड से हारने के बाद से घरेलू मैदान पर लगातार 18 टेस्ट श्रृंखला जीतने का सिलसिला भी खत्म हो गया। दोनों मुकाबलों के दौरान सीनियर खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नही किया। रोहित शर्मा और विराट कोहली बल्ले से संघर्ष करते रहे जबकि रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की स्पिन जोड़ी भी कोई खास प्रभाव नही छोड़ पाई।कार्तिक ने क्रिकबज से कहा, हां। इसका (श्रृंखला में हार का) दोष सीनियर खिलाड़ियों पर क्यों नही होना चाहिए? वे खुद को देखेंगे और कहेंगे, हम और क्या बेहतर कर सकते थे? मुझे नही लगता कि वे इससे भाग रहे है। उन्होंने कहा, अगर आप जीत का जश्न मना सकते हैं और प्रशंसक यह महसूस करते हैं कि वे कितने महत्वपूर्ण हैं तो जब हार होती है और आप पर हमला किया जाता है तो मुझे लगता है कि उनमें इसका सामना करने की हिम्मत होनी चाहिए। ार्तिक ने कहा कि सीनियर खिलाड़ी हार की जिम्मेदारी खुद लेंगे और स्वीकार करेंगे कि यह उनकी सर्वश्रेष्ठ श्रृंखला नही थी।उन्होंने कहा, अगर आप उनमे से हर एक से व्यक्तिगत रूप से पूछें कि वे श्रृंखला के बारे में क्या सोचते है तो मुझे नही लगता कि वे पूरी टीम के प्रदर्शन के बारे मे कुछ खास कह पाएंगे और उनसे यह पूछना उचित होगा कि भारत मे टेस्ट क्रिकेट के भविष्य और भारतीय टेस्ट क्रिकेट के लिए क्या बेहतर किया जा सकता है।

# कप्तान डिवाइन के हरफनमौला खेल से न्यूजीलैंड की टीम जीती

## भारत को 76 रन से हराकर श्रृंखला में वापसी की

**भाषा।** अहमदाबाद



**कप्तान सोफी** डिवाइन के हरफनमौला खेल से न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे महिला एकदिवसीय में रविवार को यहां भारत को 76 रन से शिकस्त देकर शानदार वापसी की। डिवाइन ने 86 गेंद में 79 रन की शानदार पारी खेलने के बाद 27 रन पर तीन विकेट भी चटकाए। भारत के लिए राधा यादव ने चार विकेट लेने के बाद 48 रन बनाए लेकिन उनका प्रयास टीम के लिए नाकाफी साबित हुआ। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 259 रन बनाने के बाद भारत की पारी को 47.1ओवर में 183 रन पर समेट कर श्रृंखला को।-। से बराबर किया। श्रृंखला तीसरा और निर्णायक मैच मंगलवार को खेला जाएगा।भारतीय टीम 108 रन पर आठ विकेट गंवाने के बाद शर्मनाक हार की तरफ बढ़ रही थी लेकिन राधा यादव और साइमा ठाकोर (29) की नौवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी ने टीम को बड़े अंतर से हार से बचाया।डिवाइन के अलावा लिया ताहुहू ने भी तीन विकेट लिए जबकि जेस केर और ईडन कार्सन को दो-दो सफलता मिली। डिवाइन ने 86 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 79 रन बनाए।

**स्कोर : न्यूजीलैंड पारी:** बेट्स का एवं बो राधा 58, प्लिमरका राधा बो दीप्ति 41,डाउन रन आउट (प्रिया) 03, डिवाइन का जेमिमाह बो राधा 79, हैलिडे का राधा बो प्रिया 8 ,ग्रीन का अरुंधति बो राधा 42, गेज स्टं तानिया बो दीप्ति 11, जेस केर नाबाद 12, तहुहू का दीप्ति बो राधा 0, कार्सन बो ठाकोर01, जोनस नाबाद 01, अतिरिक्तः 03,कुल योग : 50 ओवर मे नौ विकेट पर 259 रन, विकेट पतनः।-87, 2-98, 3-114, 4-139, 5-221, 6-239, 7-245, 8-245, 9-252, गेंदबाजीः साइमा 10-0-58-।,अरुंधति 10-0-52-0, दीप्ति 10-3-30-2,प्रिया 10-।-49-।, राधा 10-0-69-4

**भारत पारीः**शेफाली पगबाधा जेस केर 11,मंधाना का प्लिमर बो ताहुहू 00,भाटिया का गेज बो ताहुहू 12, कौर का कार्सन बो डिवाइन 24,रोड्रिग्स का गेज बो डिवाइन 17, हसबनिस बो कार्सन 15,शर्मा का गेज बो ताहुहू 15, रेड्डी का गेज बो कार्सन 02,राधा का डाउन बो डिवाइन 48, ठाकोर का बेट्स बो जेस केर 29,मिश्रा नाबाद 00,अतिरिक्तः 10,कुल योगः 47.1 ओवर मे सभी आउटः 183 रन,विकेट पतनः।-5, 2-19, 3-26, 4-64, 5-77, 6-100, 7-102, 8-108, 9-178,गेंदबाजीः ताहुहू10-।-42-3,केर 10-0-49-2,जोनास 10-2-33-0, डिवाइन 7.1-0-27-3, कार्सन10-2-32-2

### डब्ल्यूटीटी चैंपियन्स में मनिका क्वार्टर फाइनल में हारी

**नई दिल्ली।** स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा क्वार्टर फाइनल मे चीन की कियान टियानई के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ फ्रांस के मोटपेलियर मे चल रहे डब्ल्यूटीटी चैंपियन्स टूर्नामेंट से बाहर हो गई।दुनिया की 30वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी को शनिवार रात हुए मुकाबले मे सिर्फ 25 मिनट मे टियानई के खिलाफ 8-11, 8-11, 10-12 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।राष्ट्रमंडल खेलो मे कई पदक जीतने वाली मनिका ने तीनो गेम मे विरोधी खिलाड़ी को अच्छी टक्कर दी लेकिन चीन की खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण अंको पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

### मन्नत शीर्ष अमेच्योर और भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ पर लिज के नाम रहा खिताब

गुरुग्राम। मन्नत बराड़ हीरो वुमेंस इंडियन ओपन गोल्फ में रविवार को चौथे और आखिरी दौर के बाद संयुक्त 11वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ और शीर्ष अमेच्योर खिलाड़ी बन कर उभरीं। इंग्लैड की लिज यंग ने एक शॉट की बढ़त के साथ इस खिताब को अपने नाम किया। मन्नत ने यहां डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आखिरी दौर मे दो अंडर 70 के कार्ड के साथ कुल चार ओवर 292 का स्कोर बनाया। प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी उन से दो स्ट्रोक पीछे संयुक्त 15वें स्थान पर रहीं।

### झेंग ने तोक्यो में खिताब जीता, डब्ल्यूटीए फाइनल्स में

तोक्यो। चीन की शीर्ष वरीय किनवेन झेंग ने रविवार को यहां अमेरिका की वाइल्डकार्डधारी सोफिया केनिन को 7-6 (5), 6-3 से हराकर टोरे पैन पैसिफिक ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स मे जगह बनाई। पेरिस ओलंपिक मे स्वर्ण पदक जीतने वाली सातवे नंबर की खिलाड़ी झेंग ने 2020 ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन पर एक घंटे 52 मिनट मे मिली जीत के दौरान 16 ऐस लगाए और सिर्फ एक ब्रेक प्वाइंट का सामना किया। इस साल यह 22 वर्षीय झेंग का तीसरा खिताब है और पिछले साल हांग्झोउ मे जीतने के बाद हार्डकोर्ट पर यह उनका पहला खिताब है।

### शेल्टन स्विस इंडोर्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में

**बासेल (स्विट्जरलैंड)।** बेन शेल्टन ने सेमीफाइनल में अपने युगल जोड़ीदार फ्रांस के आर्थर फिल्स को हराकर स्विस इंडोर्स टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत एक अन्य फ्रांसीसी खिलाड़ी जियोवानी एमपेतशी पेरिकार्ड से होगी। छठे वरीय शेल्टन ने सातवें वरीय फिल्स को सेमीफाइनल मे 6-3, 7-6 से हराया। शेल्टन टाईब्रेक मे 3-6 से पिछड़ रहे थे लेकिन वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहे। पिछले महीने शेल्टन को फिल्स ने तोक्यो मे क्वार्टर फाइनल मे हराया था लेकिन यहां अमेरिकी खिलाड़ी ने जीत के साथ सोमवार को जारी होने वाली विश्व रैंकिंग में शीर्ष 20 मे वापसी सुनिश्चित की।

### बार्सीलोना ने रीयाल मैड्रिड को 4-0 से हराया

**बार्सीलोना।** रॉबर्ट लेवानदोवस्की के दो गोल की मदद से बार्सीलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट मे शनिवार को यहां रीयाल मैड्रिड पर 4-0 की एकतरफा जीत दर्ज की। इस हार के साथ मैड्रिड का ला लीगा मे 42 मैच का अजेय अभियान भी थम गया। टीम 2017-18 मे बनाए बार्सीलोना के रिकॉर्ड से एक मैच पीछे रह गई। कार्लो एंकेलोटी की टीम की पिछले साल 23 सितंबर से ला लीगा मे यह पहली हार है। यमाल (77वे मिनट) और राफिन्हा (84वे मिनट) ने भी इसके बाद गोल दागकर बार्सीलोना की आसान जीत सुनिश्चित की।

# माधव के नाबाद 128 रन से यूपी मजबूत

## पंजाब के खिलाफ रणजी मुकाबला

**भाषा।** मुल्लांपुर



**सलामी बल्लेबाज** माधव कौशिक की नाबाद 128 रन की पारी के अलावा अनुभवी नितीश राणा (66) के साथ तीसरे विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी के दम पर उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच रविवार को यहां दूसरे दिन अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 293 बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पंजाब के 210 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने दूसरे दिन बिना किसी नुकसान के आठ रन से आगे से खेलना शुरू किया और दिन के आखिर में उसके पास 83 रन की बढ़त है। उसके सात विकेट बचे हुए हैं। कौशिक ने पहले विकेट के लिए कप्तान आर्यन जुयाल (16) के साथ 34, प्रियम गर्ग (27) के साथ दूसरे विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी कर एक छोर से टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। कौशिक को दूसरे छोर से राणा का अच्छा साथ मिला और दोनों बल्लेबाजों ने आत्मविश्वास के साथ पंजाब के गेंदबाजों को सफलता से दूर रखा। इस दौरान कौशिक ने प्रथम श्रेणी करियर को दूसरा शतक पूरा किया तो वहीं राणा ने इस प्रारूप का 13वां अर्धशतक जमाया। मयंक मार्कंडेय ने राणा को पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा। जब यह साझेदारी टूटी उस समय उत्तर प्रदेश की टीम पंजाब से पांच रन पीछे थी। कौशिक और भारत के सीमित ओवरों के खिलाड़ी रिंकू सिंह ने इसके बाद चौथे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी कर के उत्तर प्रदेश को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। रिंकू 85 गेंद में 46 रन बनाकर खेल रहे है तो वहीं कौशिक ने अब तक की 231 गेंद की पारी में 17 चौके जड़े है। पंजाब के लिए गुरनूर बरार ने दो विकेट लिए। पटना में बिहार और कर्नाटक के बीच बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल संभव नहीं हुआ। कोलकाता में इशान पोरेल के तीन विकेट से बंगाल ने केरल के 54 रन पर चार विकेट चटका लिए। हरियाणा ने इंदौर में मध्यप्रदेश को पहली पारी में 308 रन पर आउट करने के बाद तीन विकेट पर 185 रन बनाए। हरियाणा के लिए लक्ष्य दलाल 60 रन पर बल्लेबाजी कर रहे है जबकि हिमांशु राणा ने 90 रन का योगदान दिया।

### बल्लेबाज फिर विफल, दिल्ली की टीम 116 रन से पीछे

नई दिल्ली। दिल्ली की बल्ले से परेशानी का सिलसिला फिर जारी रहा जिससे रविवार को यहां असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच मे यश ढुल और हिम्मत सिंह जैसे बल्लेबाज अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में बदलने में विफल रहे जिससे स्टंप तक टीम का स्कोर छह विकेट पर 214 रन रहा। असम ने सुबह छह विकेट पर 264 रन से खेलना शुरू किया और पारी 330 रन पर समाप्त की। विकेटकीपर सुमित घड़ीगांवकर ने 237 गेंद मे 162 रन बनाए। उन्होंने सुबह 120 रन से अपनी पारी शुरू की और हर्षित राणा की गेंदबाजी में उनके साथी बल्लेबाज ज्यादा देर नही टिक सके। स्टंप तक दिल्ली का स्कोर छह विकेट पर 214 रन था जिससे वह असम से पहली पारी के आधार पर 116 रन से पीछे थी। पहली बार टेस्ट टीम में शामिल हुए राणा ने 19.3 ओवर में 80 रन देकर पांच विकेट झटके और असम की पारी मृणमय दत्ता के आउट होते ही खत्म हो गई। फिर दिल्ली ने आते ही गगन वत्स (शून्य) का विकेट गंवा दिया। लेकिन सनत सांगवान (47 रन) और धुल (47 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी कर पारी को आगे बढ़ाया। धुल के आउट होने के बाद कप्तान हिम्मत सिंह क्रीज पर उतरे, उन्होंने सांगवान के साथ तीसरे विकेट के लिए 81 रन जोड़े। लेकिन सांगवान पगबाधा आउट हो गए। हिम्मत असम के अनुभवी ऑफस्पिनर स्वरूपम पुरकायस्थ (46 रन देकर तीन विकेट) की गेंद पर आउट हो गए जिससे उनकी 88 गेंद मे 55 रन की पारी समाप्त हुई। बाएं हाथ के स्पिनर राहुल सिंह ने 32 रन देकर दो विकेट झटके। राहुल ने विकेटकीपर प्रणव राजवंशी को आउट किया जिससे दिल्ली का स्कोर छह विकेट पर 182 रन हो गया।

# समर्थ का शतक, उत्तराखंड सतर्क

## विदर्भ के खिलाफ उत्तराखंड के सात विकेट पर 242 रन



**देहरादून।** विदर्भ के पहली पारी में 326 रन के जवाब में उत्तराखंड ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में कप्तान रविकुमार समर्थ के शतक के बाद दूसरे दिन के अंत में दो विकेट गंवा दिए जिससे स्टंप तक उसका स्कोर सात विकेट पर 242 रन हो गया। समर्थ ने 241 गेंद में 12 चौके से 119 रन की पारी खेली। उत्तराखंड की टीम अभी विदर्भ से 84 रन से पिछड़ रही है। कर्नाटक छोड़कर इस सत्र में उत्तराखंड के लिए खेल रहे 31 वर्षीय समर्थ ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने वर्षों के अनुभव का इस्तेमाल कर अपनी टीम को पिछले साल की उप विजेता के खिलाफ अपनी टीम को अच्छी स्थिति में बनाए रखा। पर उन्हें दूसरे छोर पर साथ नहीं मिला। कृणाल चंदेला (19), युवराज चौधरी (28) और स्वप्निल सिंह (27) ने अच्छी शुरूआत की लेकिन इसे बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। सलामी बल्लेबाज अवनीश सुधा ने 45 गेंद में 30 रन बनाए। विदर्भ के लिए 39 वर्षीय अनुभवी ऑफ स्पिनर अक्षय वाखरे ने 17 ओवर में 47 रन देकर तीन विकेट झटके। आदित्य ठाकरे ने दो विकेट प्राप्त किए। स्टंप तक मयंक मिश्रा एक और अभय नेगी दो रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।

# जम्मू कश्मीर ने सेना को पारी के अंतर से हराया

**श्रीनगर।** तेज गेंदबाज उमर नजीर मीर के छह विकेट की मदद से जम्मू कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में रविवार को यहां सेना को पारी और 25 रन से हराया।जम्मू कश्मीर ने अपनी पहली पारी में 228 रन बनाकर 157 रन की बढ़त हासिल की। पहली पारी में केवल 71 रन बनाने वाली सेना की टीम दूसरी पारी में 132 रन पर आउट हो गई। मीर ने 53 रन देकर छह विकेट लिए।सेना की तरफ से केवल शुभम रोहिल्ला (47), जयंत गोयत (27) और अरुण कुमार (20) ही दोहरे अंक तक पहुंचने में सफल रहे।अगरतला में गत चैंपियन मुंबई ने निचले क्रम के बल्लेबाजों शम्स मुलानी (71), हिमांशु सिंह (59) और शार्दुल ठाकुर (62) के अर्धशतकों की मदद से त्रिपुरा के खिलाफ अपनी पहली पारी में 450 रन का मजबूत स्कोर बनाया।त्रिपुरा ने इसके जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट पर 60 रन बनाए। उस समय जीवनजोत सिंह (39) और परवेज सुल्तान (01) क्रीज पर थे। वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में क्रुणाल पंड्या ने नाबाद 88 रन बनाए।

# भारत को जापान पैरा बैडमिंटन में 24 पदक

**भाषा।** तोक्यो

**शिवराजन** सोलईमलई और सुकांत कदम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को जापान पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 24 पदक जीते। भारत ने छह स्वर्ण, नौ रजत और नौ कांस्य पदक जीते। शिवराजन को दोहरी सफलता मिली। उन्होंने पुरुष एकल एसएच6 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा पुरुष युगल में सुदर्शन श्रवणकुमार मुथुसामी के साथ मिलकर खिताब जीता। सुकांत ने पुरुष एकल (एसएल4) में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा पुरुष युगल (एसएल3-एसएल4) में दिनेश राजैया के साथ मिलकर रजत पदक जीता। उन्होंने एकल फाइनल में साथी भारतीय खिलाड़ी तरूण को 21-12, 21-10 से हराया। नवीन शिवकुमार और सूर्यकांत यादव को कांस्य पदक मिले।पुरुष युगल फाइनल में सुकांत और दिनेश को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उमेश विक्रम कुमार और सूर्यकांत यादव की हमवतन जोड़ी के खिलाफ 5-21, 22-20, 16-21 की हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सुकांत ने एक विज्ञप्ति में कहा, एकल में स्वर्ण और युगल में रजत जीतना बेहद विशेष है। मैं अपने कोच, सहयोगी टीम और पूरे पैरा बैडमिंटन समुदाय को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। यह जीत सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए मेरी प्रेरणा बनती है। अन्य स्पर्धाओं में मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन कुमार नितेश ने एसएल3 फाइनल में जापान के डाइसुके फुजिहारा के खिलाफ करीबी मुकाबले में 16-21, 21-18, 19-21 की हार से रजत पदक जीता। महिलाओं के एसयू5 वर्ग में मनीषा रामदास ने जापान की मामिको टोयोडा को 21-12, 21-18 से हराकर स्वर्ण पदक जीता जबकि नीरज को महिलाओं के एसएल3 वर्ग में कोरालिन बर्गेरॉन से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

# युवराज,मुबस्सिर,अंश, काव्या, आरना, सुनायशा व महिका ने जीते स्वर्ण

## लखनऊ सब जूनियर जिला कराटे चैंपियनशिप-2024



**लखनऊ।** युवराज विक्रम सिंह, मुबस्सिर, अंश लोधी, स्वरित बाजपेयी, काव्या चौधरी, आरना सिंह, अनंत कुमार,सुनायशा चौधरी और महिका सिंह ने लखनऊ सब जूनियर जिला कराटे चैंपियनशिप.2024 में अपने-अपने वर्गो में दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की। चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित चैंपियनशिप के समापन समारोह में अपर जिला जज अयोध्या प्रेम प्रकाश चौधरी व अपर जिला जज कन्नौज लोकेश वरुण ने पदक विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। आज समापन समारोह की अध्यक्षता कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के अध्यक्ष जसपाल सिंह ने की। इस अवसर पर सचिव कृष्णा अवतार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के रेफरी कमीशन के चेयरमैन रवि चौरसियाए तकनीकी निदेशक संतोष कुमार व अन्य मौजूद थे। इससे पूर्व डाणकीर्ति विक्रम सिंह ;उप निदेशकए इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी लखनऊ ने चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। चैंपियनशिप में बालकों में कुमिते 13 वर्ष, 55 किग्रा से कम वर्ग में युवराज विक्रम सिंह ने स्वर्ण व तेजस महंत ने रजत जीता। अल्तमश खान ने बालक कुमिते 13 वर्ष 50 किग्रा से कम वर्ग के साथ काता में भी स्वर्ण पदक जीता। बालक कुमिते 40 किग्रा से कम वर्ग में मुबस्सिर इदरीशी ने स्वर्णए ध्रुव कुमार राव ने रजत पदक जीता। बालक कुमिते 13 वर्षए 55 किग्रा से अधिक वर्ग में अंश लोधी ने स्वर्ण व आयुष्मान ने रजत पदक जीता।

### क्रिकेट बड्डीज ने सीवीसीएल को 39 रन से हराया

लखनऊ। मैन ऑफद मैच मोहम्मद इमरान खान ;3द्ध विकेट की अगुवाई में उपयोगी गेंदबाजी से क्रिकेट बड्डीज ने तृतीय अधीर दुबे स्मारक टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे मैच में सीवीसीएल को 39 रन से हराया। पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर क्रिकेट बड्डीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 200 रन बनाए।सलामी बल्लेबाज नूर ने 45 गेंदों पर 10 चौके से 67 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। करुणेश उपाध्याय ने 34 गेंदों पर 8 चौके से 49 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 113 रन की शतकीय साझेदारी की। मोहम्मद इमरान खान ने 23 रन जोड़े। सीवीसीएल से संजय गिरि को 3 विकेट की सफलता मिली। जवाब में सीवीसीएल 8 विकेट पर 161 रन ही बना सका।

# प्रधानमंत्री ने लाइव शतरंज रेटिंग में एरिगेसी के 2800 अंक पार करने की सराहना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लाइव शतरंज रेटिंग में अर्जुन एरिगेसी के 2800 अंक पार करने को अभूतपूर्व उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा कई अन्य युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा।पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद एरिगेसी 2800 ईएलओ रेटिंग को पार करने वाले केवल दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए।ईएलओ 2800 रेटिंग क्लब में शामिल होना आसान नहीं है। इतिहास में अब तक केवल 14 खिलाड़ियों ने प्रकाशित रेटिंग में 2800 ईएलओ अंकों को पार किया है।मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लाइव शतरंज रेटिंग में 2800 अंक का आंकड़ा पार करने के लिए अर्जुन एरिगेसी को बधाईउ यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। उनकी असाधारण प्रतिभा और दृढ़ता हमारे पूरे देश को गौरवांवित करती है। उन्होंने कहा, एक महान व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा, यह कई और युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा।

## क्विक न्यूज

### सेंटनर ने भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी उजागर की, कोहली की फॉर्म चिंता का विषय नहीं: साइमन डूल

पुणे। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डूल ने टेस्ट श्रृंखला में भारत की हार के लिए उसके बल्लेबाजों की स्पिन गेंदबाजी को खेलने की कमजोरी को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन उन्होंने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को चुका हुआ मानने से इनकार कर दिया।बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर के 13 विकेट की मदद से कीवी टीम ने शनिवार को यहां दूसरे टेस्ट मैच में भारत को 113 रन से हराकर तीन मैचो की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की।डूल ने पीटीआई वीडियो से कहा, यह गलत धारणा है कि भारतीय बल्लेबाज स्पिन के बेहतर खिलाड़ी है। मुझे लगता है कि उनके पास बेहतर स्पिनर है और वे विपक्षी बल्लेबाजो की कमजोरी को उजागर करने में सक्षम है। लेकिन इस टेस्ट (पुणे) मे मिशेल सेंटनर ने शानदार प्रदर्शन करके उनके बल्लेबाजो को थोड़ा बेनकाब कर दिया। डूल ने कहा कि न्यूजीलैंड का स्पिन आक्रमण विश्व स्तरीय नही है और उनके सामने भारतीय बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन चिंता का विषय है।उन्होने कहा, मुझे लगता है कि आपको इस तरह के अच्छे विकेटो पर खेलने की आदत हो जाएगी। लेकिन जब पिच टर्न लेना शुरू करती है तो आपकी कमजोरी उजागर हो जाती है। भारत लंबे समय तक टर्निंग विकेट पर खेलता रहा है। उसके पास अब भी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के रूप में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर है।

### बाबर की जगह रिजवान को पाकिस्तान का वनडे और टी20 कप्तान बनाया गया

लाहौर। पाकिस्तान के चयनकर्ताओ ने चार नवंबर से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के दौरे के लिए रविवार को टीमों की घोषणा की जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को बाबर आजम की जगह वनडे और टी20 कप्तान नियुक्त किया गया। सलमान अली आगा को भविष्य के सभी वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए उप-कप्तान बनाया गया। पाकिस्तान ऑस्ट्रेलिया दौरे में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलेगा जिसकी शुरुआत चार नवंबर को मेलबर्न (वनडे) में पहले मैच से होगी और यह कप्तान के रूप में रिजवान का पहला दौरा होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एक बयान में कहा कि आगा जिम्बाब्वे में टी20 टीम की अगुवाई करेंगे क्योंकि रिजवान को कार्यभार प्रबंधन योजना के तहत आराम दिया गया है। पाकिस्तान का जिम्बाब्वे दौरा 24 नवंबर से पांच दिसंबर तक होगा जिसमें तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे।

### शाहीन शाह अफरीदी केंद्रीय अनुबंध में ए से बी वर्ग में खिसके जबकि फखर, इफ्तिखार, मीर बाहर

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को 2024-25 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध मे तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को ए वर्ग से हटाकर बी वर्ग मे खिसका दिया जबकि सीनियर खिलाड़ियों फखर जमां, इफ्तिखार अहमद और ओसामा मीर को अनुबंध नही दिया। हाल मे इंग्लैंड पर 2-। से श्रृंखला मे जीत हासिल करने के बावजूद टेस्ट कप्तान शान मसूद बी ग्रेड मे बने हुए है। बोर्ड ने कुल 25 खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध दिए है जबकि पिछले साल 27 खिलाड़ियों को अनुबंध पेश किया था। पिछले साल की तरह पीसीबी ने तीन महीने के बाद अनुबंध की घोषणा की। पीसीबी के सूत्र ने पीटीआई को बताया कि फिटनेस टेस्ट मे विफल होने के कारण ही जमां को अनुबंध सूची से बाहर किया गया। सूत्र ने कहा, फखर इस समय घुटने की समस्या के लिए लाहौर मे एनसीए मे रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया मे है।

### लुईस के शतक से वेस्टइंडीज ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय में श्रीलंका को हराया

पाल्लेकल (श्रीलंका)। एविन लुईस के नाबाद 102 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने शनिवार को वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। श्रीलंका ने 2-। से श्रृंखला जीती। वर्ष 2021 से अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रहे लुईस ने छक्के के साथ 61 गेंद में अपना पांचवां शतक पूरा किया और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस सलामी बल्लेबाज ने 51 रन के स्कोर पर टखना मुड़ने के बावजूद खेलना जारी रखा। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 156 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद बारिश के कारण पांच घंटे खेल रुका रहा और मैच को 23 ओवर का कर दिया गया। वेस्टइंडीज को 195 रन का लक्ष्य मिला और टीम ने 22 ओवर मे दो विकेट पर 196 रन बनाकर जीत दर्ज की। श्रीलंका को जीवनदान पाने वाले दोनो सलामी बल्लेबाजो पथुम निसांका (56) और अविष्का फर्नांडो (34) ने पहले विकेट के लिए 17 आवेर मे 81 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा।

### रोनाल्डो और मेस्सी के दबदबे के बाद नए युग के युवा खिलाड़ी बेलोन डी ओर जीतने को तैयार

मैनचेस्टर (इंग्लैड)। वैश्विक फुटबॉल के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिए जाने वाले पुरस्कार बेलोन डी ओर का आयोजन जब सोमवार को होगा तो पिछले कई वर्षों मे ऐसा पहली बार होगा जबकि इस खेल के दो सबसे बड़े दिग्गजो में शामिल क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी दावेदारो मे शामिल नही होगे।अर्जेटीना के मेस्सी और रोनाल्डो पिछले 16 बरस मे 13 बार इस खिताब के विजेता रहे है लेकिन इस बार इन दोनो को नामांकन नही मिला है। मेस्सी उन चुनिंदा खिलाड़ियों मे शामिल है जिन्होंने इस खिताब को लगातार दो साल जीता है। उन्होंने 2022 मे अर्जेटीना को विश्व चैम्पियन बनाने के बाद अपने रिकॉर्ड मे सुधार करते हुए आठवी बार इसे जीता था। मेस्सी से पहले लगातार दो पुरस्कार जीतने वाले पिछले खिलाड़ी मार्को वैन बास्टेन थे। नीदरलैंड के इस खिलाड़ी ने 1988 और 1989 मे बेलोन डी ओर को अपने नाम किया था।

### चेकमेट से होगा पूरा एंटरटेन्मेंट

**मुंबई।** भारत के सबसे बेहतरीन डिजिटल प्लेटफॉर्म में शुमार हंगामा इस दिवाली के मौके पर दर्शकों के लिए अपनी नई ओरिजनल हिंदी सीरीज चेकमेट रिलीज करने जा रहा है। यह एक क्राइम.सस्पेंस सीरीज है जिसमें जिसमें दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ाने वाली और उन्हें शुरू से लेकर आखिर तक जोड़े रखने वाली कहानी है। इस सीरीज में न्यारा बनर्जी अहम भूमिका निभाने जा रही हैं और उनके साथ अन्य कलाकारों में शालीन मल्होत्राए रोहित खण्डेलवाल, राहुल जगताप और आफ़रीन अल्वी हैं। इस सीरीज की कहानी में रहस्य, भावनाप्रधान दृश्य और हैरतअंगेज मोड़ हैं जिससे दर्शकों में सीरीज के साथ बने रहने की दिलचस्पी पैदा होती है। हंगामा प्लेटफ़ॉर्म और उसके पार्टनर प्लेटफ़ॉर्म पर यह सीरीज स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी ताकि त्योहार के मौके पर यह ज़्यादा से ज़्यादा दर्शकों को देखने के लिए मिल सके। जिन प्लेटफ़ॉर्म पर इसे देखा जा सकेगा उनमें टाटा बिंज पर हंगामा,वाचो, बीएसएनएल, प्लेबॉक्सटीवी,रेलवायर ब्रॉडबैंड,अलायंस ब्रॉडबैंड, मेघबेला ब्रॉडबैंड, ऐसीटी फायबरनेटए वीआई मूवीज एण्ड टीवी और एयरटेल एक्सट्रीम प्ले शामिल हैं। हंगामा डिजिटल मीडिया के फाउंडर और मैनेजिंग डाइरेक्टर नीरज रॉय ने इस सीरीज की रिलीज पर कहा कि चेकमेट हमारे लिए एक अहम सीरीज है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5 ,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001